रीवा

08 जुलाई 2025 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



अगले माह खेला...

@ पेज 7

## आतंकी तहव्वुर राणा 26/11 हमले के वक्त मुंबई में था

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, राणा ने माना है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है। उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। मुंबई में खोला था इमिग्रेशन सेंटर राणा ने पूछताछ में बताया कि मुंबई में उसने अपनी कंपनी का इमिग्रेशन सेंटर खुद के प्लान से खोला, ताकि हमले की तैयारी के लिए जगह और सुविधाएं मिल सकें। वहां किए गए लेन-देन को बिजनेस खर्चों में दिखाया गया। उसने यह भी स्वीकार किया कि छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे स्थानों की खुद जाकर रेकी की थी।

# लुधियाना और पंजाब के निवेशकों को मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश का आर्थिक तंत्र मजबूत हुआ है। देश में औद्योगीकरण बढ़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है। यहां के उद्योगपतियों ने बड़ी मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लुधियाना में निर्मित ए-वन और हीरो साइकिल्स देश-दुनिया में मशहूर हैं। पंजाब के निवेशक देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख ध्वजवाहक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लुधियाना में हुये इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में यहां के उद्योगपतियों से 15 हजार 606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं, जिससे 20 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा। हमने लुधियाना और पंजाब के उद्योपतियोंत को मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आमंत्रित किया। साथ ही उन्हें मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की औद्योगिक नीतियों



से भी अवगत कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मध्यप्रदेश में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र प्रदेश है, जहां पन्ना जिले में हीरा तो शहडोल में आयरन डिपाजिस्ट्स है। बीते दिनों सिंगरौली जिले में सोने की खदानें भी मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को मध्यप्रदेश की रत्नगर्भा भूमि में निवेश करने के लिए आत्मीयता से आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। आइये और मध्यप्रदेश में अपना दूसरा घर बनाईये। उन्होंने कहा कि निवेशक मध्यप्रदेश में जितने चाहें, उतने उद्योग-धंधे लगाएं, सरकार पलक-पावड़े बिछाकर आपका स्वागत करेगी, आपकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग-धंधे लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक भूमि, बिजली, पानी, कुशल कार्यशक्ति सब उपलब्ध

## तेलंगाना फैक्ट्री धमाका-मरने वालों का आंकड़ा 42 हुआ

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** तेलंगाना की फॉर्मा फैक्ट्री धमाके में मरने वालों का आंकड़ा 42 हो गया है। रविवार को एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि एक शव की पहचान डीएनए जांच से हुई है। 8 लोगों लापता हैं। हादसे से 6 दिन बाद भी सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार और रविवार को घटनास्थल से कुछ हड्डियां और शरीर के जले अंग मिले हैं। इनका डीएनए टेस्ट चल रहा है। यदि इनका मिलान होता है तो लापता लोगों की संख्या घट सकती है। हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे।मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 2 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की थी। वहीं, कंपनी ने मृतकों के परिजन को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 10 लाख रुपए और अन्य घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी।

## गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी में बाढ़ आई

नई दिल्ली। गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। शहर के 15 से ज्यादा निचले इलाकों में 3-4 फीट पानी है। हजारों घरों में पानी भरा है। लोगों का जरूरत का सारा सामान पानी से खराब हुआ। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तेज बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके का पुल नदी में बह गया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले 3 दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। बिलासपुर में कई इलाके डूबे हैं।

## ठाकरे को भाजपा सांसद निशिकांत की धमकी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के भाषा विवाद में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा, आप अपने घर महाराष्ट्र में अगर बहुत बड़े बॉस हो तो चलो बिहार, चलो यूपी, चलो तमिलनाडु, तुमको पटक-पटक कर मारेंगे। उन्होंने कहा, अगर आपमें ज्यादा हिम्मत है, आप हिंदी भाषी को मारते हैं तो उर्दू भाषी, तमिल, तेलुगु को भी मारो। आप ये घटिया हरकत कर रहे हो। भाजपा सांसद दुबे ने जवाब राज ठाकरे के उस बयान पर



दिया, जिसमें राज ने कहा था- मराठी ना बोलने पर मारो, लेकिन वीडियो मत बनाओ। निशिकांत बोले- दरगाह के पास उर्दू भाषी को पीटकर दिखाओ दुबे ने कहा- ये अराजकता नहीं चलेगी। हम मराठी का सम्मान करते हैं। हम शिवाजी महाराज, तात्या टोपे, तिलक, लाजपत राय का सम्मान करते हैं। ये उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे जो कर रहे हैं, उसका हम प्रतिकार करते हैं। दुबे ने कहा- अगर उनमें हिम्मत है तो बगल में माहिम इलाके में चले जाए और दरगाह के पास किसी हिंदी-उर्दू भाषी को पीटकर दिखा दें तो मैं मानूंगा कि वो सचमुच बालासाहेब ठाकरे जी के वारिस हैं और उनके सिद्धांतों पर चल रहे हैं।

## लालू बोले- 2 गुजराती बिहारियों से वोटिंग राइट्स छीन रहे

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार चुनाव से पहले हो रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर सियासत गर्म है। विपक्ष ने 9 जुलाई को बिहार बंद बुलाया है। इसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया को 'वोट बंदी' करार दिया है। इसे लेकर उन्होंने आज यानी सोमवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। तेजस्वी ने कहा, 6 जुलाई को इलेक्शन कमीशन से मिलने गए थे, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पटना का इलेक्शन कमीशन कोई काम का नहीं है, पोस्ट ऑफिस जैसा है,



निर्णय लेने लायक नहीं है। इधर पूरे मामले पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यादव ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आड़े हाथों लियाहै। लालू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, दो गुजराती मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छीनने का प्रयास कर रहे हैं।

## खड़गे बोले- नीतीश-नायडू की टांगों पर चल रहे मोदी

**रायपुर ( एजेंसी )।** रायपुर में आयोजित किसान, जवान और संविधान जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मोदी दो टांगों से चल रहे हैं। मोदी की एक टांग आंध्र की टीडीपी है और दूसरी बिहार के नीतीश कुमार। इनमें से कोई भी हिली तो मोदी जी गिर जाएंगे। खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार भय और झूठ फैलाकर देश पर राज कर रही है। ये लोग हर जगह मिलकर गरीबों को लूटने और डराने का काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का



कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है, मर-मिटने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं, उन्हें भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। 67 नई शराब की दुकानें खोल दीं और नकली शराब बेचने का धंधा शुरू कर दिया। ये लोग सिर्फ कारोबार के नाम पर समाज को खोखला कर रहे हैं। खड़गे ने आरएसएस और भाजपा पर संविधान की मूल आत्मा से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संघ के एक विचारक ने 'सोशलिज्म' और 'सेक्युलरिज्म' शब्दों को संविधान से हटाने की बात कही है। 1980 में आपने अपने ही संविधान में क्या लिखा था?

## राजा के परिवार ने शिलॉन्ग-दिल्ली में हायर किए 3 वकील

**इंदौर ( एजेंसी )।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग को लेकर अब शिलॉन्ग हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। इसके लिए राजा के परिवार ने 3 वकील हायर कर लिए हैं। हाईकोर्ट में अपील खारिज होती है तो परिजन सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे। दरअसल, राजा का परिवार आज भी उसकी हत्या की वजह तलाश रहा है। परिजन का मानना है कि नार्को टेस्ट के जरिए ही आरोपी हत्या की वजह बताएंगे। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा- मैं आरोपियों के नार्को टेस्ट की मांग को लेकर इसी हफ्ते शिलॉन्ग जाऊंगा। विपिन ने कहा- राजा की हत्या सोनम और राज ने क्यों की, ये अभी तक सामने नहीं आया है। मुझे शक है कि इसमें बड़ा नेटवर्क शामिल है। नार्को टेस्ट से इस नेटवर्क का खुलासा होगा और वजह भी सामने आएगी। कहीं न कहीं मुझे लगता है कि उन्होंने राजा को मारने के लिए वकील या पुलिस की सलाह ली होगी या तांत्रिक क्रिया की होगी। इनका नेटवर्क बड़ा है, जो बाहर नहीं आ रहा है। मैं इसी हफ्ते मंगलवार से शनिवार के बीच पहले दिल्ली और फिर वहां से शिलॉन्ग जाऊंगा।

## मध्यप्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण पर रोक

जबलपुर ( एजेंसी )। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर फिलहाल रोक लगा दी है। सोमवार को पदोन्नति के नए नियमों को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पुराने नियम (2002) और नए नियम (2025) में क्या फर्क है? सरकार इसका कोई साफ जवाब नहीं दे पाई। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि ऐसी स्थिति में नए नियमों को लागू नहीं किया जा सकता। अब अगली सुनवाई 15 जुलाई (मंगलवार) को होगी। तब तक सरकार नियमों का अंतर समझकर अदालत को बताए।संघ की ओर से अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए सरकार नए नियमों के तहत फिलहाल प्रमोशन में आरक्षण नहीं दे सकती। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस और जजों की बेंच ने सरकार से यह भी सवाल किया कि जब पदोन्नति का मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तो फिर सरकार ने नए नियम क्यों बनाए? क्या पहले सुप्रीम कोर्ट से पुराना मामला वापस नहीं लेना चाहिए था?

राज्य सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल पेश हुए, लेकिन वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि 2002 और 2025 के नियमों में असली फर्क क्या है। उन्होंने कहा कि अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जब तक इस मामले में हाईकोर्ट कोई अंतिम फैसला नहीं देता, तब तक सरकार नए नियमों के आधार पर कोई भी पदोन्नति या संबंधित कार्रवाई नहीं करे।

## हिसार की यूट्यूबर ज्योति को कोर्ट ने फिर जेल भेजा



हिसार। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हुई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर नया खुलासा हुआ है। सूचना का अधिकार के तहत दायर की गई एक याचिका के जवाब में सामने आया है कि ज्योति राज्य सरकार के निमंत्रण पर केरल गई थी। केरल सरकार में टूरिज्म मिनिस्टर पीए मोहम्मद रियाज ने भी कंफर्म किया है कि ज्योति समेत कई ब्लॉगर्स को केरल बुलाया गया था, ताकि वे केरल के टूरिज्म को देश और दुनिया में फैला सकें। इनका खर्चा सरकार ने उठाया था।

# पटना में अपार्टमेंट में आग, 5 फ्लैट चपेट में आए

**पटना ( एजेंसी )।** पटना में सोमवार को अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 5 फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। कई लोग इस आग में फंस गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने सभी का रेस्क्यू किया। करीब 1 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। आग बहादुरपुर थाना क्षेत्र स्थित सिद्धनाथ अपार्टमेंट में लगी थी। आग




लगने की सूचना मिलते ही लोग अपने फ्लैट से सामान और गैस सिलेंडर निकालने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग और बहादुरपुर थाने को जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, %एक फ्लैट के कमरे से पहले तेज धुआं निकलता दिखा। स्थानीय लोगों ने पानी छिड़ककर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। लाखों का नुकसान हुआ

## पंजाब में सवारियों से भरी बस पलटी, 8 की मौत

**होशियारपुर ( एजेंसी )।** पंजाब के होशियारपुर जिले में सोमवार सुबह 10 बजे यात्रियों से भरी एक बस सामने से आ रही कार से टकरा गई। इसके बाद बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 17 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।बस में कुल 39 यात्री सवार थे। मरने वालों में मां और बेटी भी शामिल हैं। जिनकी पहचान रज्जू बाला बेटी अशरफ अली और मीना पत्नी अशरफ अली निवासी बुड्ढा मल के रूप में हुई है। यह हादसा दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुआ। हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार को सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। मौके से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद 7 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अमृतसर रेफर किया गया।

## बिहार के पूर्णिया में परिवार के 5 लोगों की हत्या, डायन बताकर पीट-पीटकर मार डाला

**पूर्णिया ( एजेंसी )।** बिहार के पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या की गई है। रविवार रात से सभी लापता थे। सोमवार शाम को सभी की बॉडी मिली है। लाशें घर से डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब में मिलीं। जिन्हें जलाने के बाद अलग-अलग बोरों में भरकर जलकुंभियों के बीच छिपाया गया था। सभी शव 80 फीसदी से ज्यादा जल चुके हैं। मृतकों में बाबू लाल उरांव, उनकी पत्नी, मां, बहू और बेटा शामिल है। पुलिस के अनुसार, परिवार झाड़-फूंक करता था। 3 दिन पहले गांव में एक बच्चे की मौत हो गई। गांव वालों ने अंधविश्वास में इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

बाबूलाल के बेटे सोनू ने बताया कि मेरे सामने ही पूरे परिवार को मारा गया है। रविवार की रात 10 बजे अचानक 50 लोग घर पर आ गए और मेरी मां सीता देवी को डायन बताकर बांस के पीटने लगे। उन लोगों ने मेरे परिवार को पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी नकुल ने कहा- मारपीट के बाद डीजल छिड़कर पांचों को जिंदा जलाया था।

## उपराष्ट्रपति बोले- जस्टिस वर्मा केस में तुरंत एफआईआर की जरूरत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के मामले में तुरंत स्नद्धक्र की बात कही। उन्होंने कहा- यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह हमारी न्यायपालिका की नींव को हिला देने वाला है।

इस मामले की जड़ तक जाने की जरूरत है। कैश कहां से आया, ये जानना बहुत जरूरी है। केंद्र स्तर पर सरकार मजबूर है, क्योंकि 90 के दशक की शुरुआत में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण जस्टिस पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है।

धनखड़ ने नेशनल एडवांस्ड लीगल स्टडीजयूनिवर्सिटी के सेमिनार में ये बातें कहीं। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। इसके बाद से ये सवाल खड़ा हुआ कि इतना कैश कहां से आया।



## प्रदेश के 50 प्रतिशत ग्रामों को जोड़ेंगे दुग्ध नेटवर्क से -मुख्यमंत्री

भोपाल ( एजेंसी )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। नई 381 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के लिए डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे। अब राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने दुग्ध संग्रहण बढ़ाने, दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से देशी नस्ल के पशुओं के लिए मॉडल फार्म विकसित करने, सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने, भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत हीफर रियरिंग सेंटर की स्थापना, दुग्ध उत्पादक किसानों को खरीदे गए दूध की कीमत का समय पर भुगतान, डिजीटाइजेशन वर्क की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मांडू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही पर संस्था प्रभारी चिकित्सक निलंबित

भोपाल ( एजेंसी )। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को रेबीज सहित अन्य आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धार जिले के मांडू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रेबीज वैक्सीन नहीं मिलने की घटना पर संज्ञान लिया गया। प्रकरण की जांच कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि डॉ. सुब्रत दास की धर्मपत्नी को रेबीज वैक्सीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपलब्ध कराई गई थी। तथ्यों के बावजूद संस्था प्रभारी डॉ. चाँदनी डाबरोलिया द्वारा अनावश्यक देरी एवं लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस संबंध में समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जिलों में रेबीज वैक्सीन सहित सभी आवश्यक दवाओं की नियमित समीक्षा करें। किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में दवाओं की कमी नहीं हो, समय से योजना अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

## भोपाल रेल मंडल में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

भोपाल ( एजेंसी )। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के बैनर तले भोपाल मंडल के रनिंग स्टाफ ने रेलवे बोर्ड और जोनल रेलवे की कथित तानाशाही के खिलाफ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने विभाग द्वारा दिए गए, सीयूजी सिम को जेब में रखकर प्रतीकात्मक रूप से उसका उपयोग बंद कर दिया और अंतिम दिन डीआरएम ऑफिस के बाहर सिम की अर्थी निकाल कर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शन का नेतृत्व मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने किया। मुख्य शाखा सचिव अनिरुद्ध सोनी ने बताया कि रनिंग स्टाफ लंबे समय से प्रताड़ना झेल रहा है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद रेलवे प्रशासन का रवैया उदासीन बना हुआ है।

# स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों की गति और गुणवा सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुयमंत्री शु ल



भोपाल ( एजेंसी )। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में विभागीय अधोसंरचना विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में राज्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, 15वां वित्त आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की प्रगति नियमित रूप से मॉनिटर की जाए और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अप्रारंभ कार्यों की समयबद्ध शुरुआत सुनिश्चित की जाए तथा लंबित निविदाओं की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि हर परियोजना की प्रोजेक्टवार समीक्षा की जाए और यह देखा जाए कि बजट के उपयोग में पारदर्शिता, समयबद्धता और उचित तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना की मासिक समीक्षा की जाए और कार्यों की प्रगति की फील्ड मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों की समयसीमा निर्धारित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभाग में रिक्त पड़े तकनीकी पदों की शीघ्र भर्ती के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए तकनीकी मैन पावर की नियुक्ति अत्यावश्यक है। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, परियोजना संचालक श्री नीरज कुमार सिंह, एनएचएम की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, तथा विभागीय अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बताया गया कि अधोसंरचना विकास के 2949 कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें से 1972 कार्य पूर्ण तथा 754 कार्य प्रगति पर हैं। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 335 कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन हुआ है। इन परियोजनाओं के लिए राशि रुपये 2483.37 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है, जिसके विरुद्ध अब तक राशि रुपये 729.52 करोड़ का व्यय हो चुका है। भोपाल में सर्वाधिक 480 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 306 कार्य पूर्ण हुए हैं एवं रुपये 121.10 करोड़ व्यय किया गया है। जबलपुर संभाग ने रुपये 147.69 करोड़ के व्यय के साथ सर्वाधिक वित्तीय प्रगति दर्ज की है।

राज्य स्तरीय योजना मद के अंतर्गत 285 कार्य स्वीकृत, जिनमें 156 पूर्ण/हस्तांतरित एवं 118 कार्य प्रगति पर हैं।

## कहीं शकर-चावल तो कहीं कम मिला गेहूं, कार्रवाई



भोपाल ( एजेंसी )। भोपाल के कोलार इलाके की 6 उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ढेरों गड़बड़ी मिली। कहीं शकर और चावल कम मिले तो कहीं गेहूं। स्टॉक से कम सामान मिलने पर प्रकरण बनाने की कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया, शनिवार को कोलार क्षेत्र की दुकानों की जांच की गई। टीम में सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मयंक द्विवेदी और तृणाल जांभोलकर शामिल थे। कोलार क्षेत्र की निशिता प्राथमिक उपभोक्ता भंडार, कल्याणी प्राथमिक उपभोक्ता भंडार इनायतपुर, हरियाली स्व-सहायता समूह बोरदा, मोनिका उपभोक्ता भंडार प्रियंका नगर, सक्षम प्राथमिक उपभोक्ता भंडार बंजारी और अहिल्या प्राथमिक उपभोक्ता भंडार बीमाकुंज द्वारा संचालित अलग-अलग 6 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की जांच की गई। इस दौरान निशिता भंडार में 1080 किलो चावल, 45 किलो शकर कम पाई गई। कल्याणी भंडार में 726 किलो गेहूं, 1284 किलो चावल कम, 956 किलो नमक और 17 किलो शकर अधिक मिली। इसी प्रकार अन्य दुकानों में भी अनियमितताएं पाई गईं।

## भोपाल में 2 अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई

भोपाल ( एजेंसी )। भोपाल के खेजड़ा बरामद में विकसित हो रही 2 अवैध कॉलोनियों पर शनिवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। गोविंदपुरा एसडीएम रवीशकुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में अमले ने पक्की सड़क और बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। जमीन की सरकारी कीमत 12 करोड़ रुपए से ज्यादा है। वहीं, 2 करोड़ रुपए कीमत की सरकारी जमीन से भी अवैध कब्जा हटाया गया। एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया, ग्राम खेजड़ा बरामद में 3.46 शासकीय भूमि में से 0.40 एकड़ भूमि पर पक्का रोड व बाउंड्रीवॉल बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। यहां कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया गया। जमीन की कीमत 2 करोड़ रुपए है। इस शासकीय भूमि से लगी 2.81 एकड़ निजी भूमि पर बिना सक्षम अनुमति के राहुल पाल एवं रोहित मीणा अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित कर रहे थे। छोटे-छोटे प्लॉट काटकर वे श्री श्याम सिटी नाम से अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे।



यहां कार्रवाई करते हुए पक्की सड़क और बाउंड्रीवॉल को तोड़ दिया गया। इस जमीन की कीमत 10.50 करोड़ रुपए है।

## भोपाल की गर्भवतियों पर हुई रिसर्च अंतरराष्ट्रीय मंच पर पेश



भोपाल ( एजेंसी )। गर्भवती यदि एक तय पैटर्न में सांस ले तो यह असहनीय पीड़ा को कम करने और डिलीवरी प्रक्रिया को सहज बनाने में मदद करता है। दरअसल, प्रसव पीड़ा शुरू होने से लेकर प्लैसेंटा की डिलीवरी तक कुल 3 स्टेज होती हैं। अलग-अलग स्टेज में अलग अलग ब्रीथिंग एक्सरसाइज करनी चाहिए। ऐसा करने से इस पूरी प्रक्रिया का अनुभव बेहतर होता है। यह तथ्य एम्स भोपाल की नर्सिंग स्टूडेंट कुमारी डिंपल द्वारा की गई रिसर्च से सामने आए। जो कि नर्स-नेतृत्व वाली ब्रीदिंग एक्सरसाइज (सांस लेने के व्यायाम) तकनीक पर आधारित रही। यह रिसर्च को डॉ. लिली पोद्दार (एसोसिएट प्रोफेसर, एम्स भोपाल) के निर्देशन में किया गया। जिसमें डॉ. ज्योति नाथ मोदी, डॉ. ममता वर्मा, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. सैकेत दास समेत अन्य शिक्षकों ने सहयोग दिया। एम्स भोपाल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लिली पोद्दार ने इस रिसर्च को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कांग्रेस में पेश किया। यह कांग्रेस 5 जुलाई को फिनलैंड के हेलसिंकी शहर में आयोजित हुआ। जिसमें 130 से अधिक देशों के 7,000 से ज्यादा स्वास्थ्य पेशेवर, नीति निर्माता और शिक्षक मौजूद रहे। एम्स भोपाल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लिली पोद्दार ने इस रिसर्च को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कांग्रेस में पेश किया। यह कांग्रेस 5 जुलाई को फिनलैंड के हेलसिंकी शहर में आयोजित हुआ। जिसमें 130 से अधिक देशों के 7,000 से ज्यादा स्वास्थ्य पेशेवर, नीति निर्माता और शिक्षक मौजूद रहे। प्रसव की पूरी प्रक्रिया तीन स्टेज में होती है। इनमें अलग अलग तरीके से सांस लेना यानी ब्रीथिंग एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है।

## अल्पना तिराहा नाला:निगम ने किया दो-तीन दिन में साफ करने का दावा



भोपाल ( एजेंसी )। हमीदिया रोड और रेलवे स्टेशन के जंक्शन अल्पना तिराहे के पास का नाला 15 दिन में केवल 20% ही साफ हो पाया है। अब भी इसका 80 प्रतिशत हिस्सा सिल्ट से जाम है। अब नाले के 4 फीट गोलाई वाले पाइप में निगम कर्मचारी और अधिकारी ड्रिल मशीन लेकर उतरेंगे। बीते दो सप्ताह से इसे साफ करने का काम चल रहा है। अब दो-तीन दिन में इसे साफ करने का दावा किया जा रहा है। पहले इसे साफ करने के लिए गुजरात से पोकलेन मशीन लाने की बात हुई थी। बारिश में यह काम कैसे करती, इस कारण अब उसे नहीं लाया जा रहा है। असल में प्लेटफॉर्म नंबर-6 और 1 के बीच में नाले की लंबाई करीब 400 फीट है। इन पर रेलवे के 9 ट्रैक हैं। इसके नीचे के हिस्से को रेलवे नगर निगम को साफ नहीं करने दे रहा है। इस कारण इसकी सफाई नहीं हो पाई है। इंजीनियर आरके त्रिवेदी ने बताया कि भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म 6 से प्लेटफॉर्म 1 के बीच में 1200 एमएम यानी 4 फीट गोलाई का पाइप है।

यह नाला एक तरफ भारत टॉकीज और दूसरी तरफ भोपाल टॉकीज से अल्पना तिराहे तक आता है और प्लेटफॉर्म 6 की तरफ जाकर आगे 90 डिग्री मुड़कर प्लेटफॉर्म 1 पर जाता है। प्लेटफॉर्म 1 के पास इनलेट पाइप आउटलेट से एक मीटर नीचे है। इसके लिए खुदाई करना पड़ेगी। सफाई के बाद पानी आसानी से निकल जाएगा।

## अब 15 जुलाई तक पीएआर भर सकेंगे अफसर

भोपाल ( एजेंसी )। एमपी कैडर के आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसर अब अपनी परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट 15 जुलाई तक भर सकेंगे। यह समय सीमा 30 जून को खत्म हो गई थी। जिसे 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने तीसरी बार इसकी तारीख बढ़ाई है। इसके साथ ही अप्रेजल के सेल्फ असेसमेंट पर रिपोर्टिंग और रिव्यू अफसर को भी असेसमेंट के लिए पूर्व में तय समय अवधि बढ़ाई गई है। डीओपीटी द्वारा पूर्व में जारी आदेश में कहा गया था कि प्रदेश के सभी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों को अपनी परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) भरने के लिए 31 मई तक का समय है। इसके बाद इस अवधि को बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया था। अब एक बार फिर इस समय अवधि में बदलाव किया गया है और नए निर्देशों के मुताबिक अब 15 जुलाई तक अधिकारी अपनी पीएआर भर सकेंगे।

इसके बाद यह रिपोर्टिंग अथारिटी को ऑटो फारवर्ड हो जाएगी। रिपोर्टिंग अथारिटी के लिए पीएआर पर अभिमत देने की टाइमिंग पहले 31 जुलाई की गई जिसे 31 अगस्त तक के लिए बढ़ाया गया था लेकिन पीएआर सेल्फ असेसमेंट फाइल करने का समय 15 जुलाई किए जाने के बाद अब इसका भी टाइम फिर से बढ़ा है। अब 15 सितम्बर तक रिपोर्टिंग अथारिटी अधिकारी पीएआर पर अपना अभिमत दे सकेंगे। डीओपीटी के अनुसार एक अप्रेल के बाद वर्ष 2024-25 के लिए, अखिल भारतीय सेवा के अफसरों की अपनी पीएआर भरना है। पीएआर साफ्टवेयर पर यह असेसमेंट अपलोड होने के बाद यह रिपोर्टिंग अथारिटी के पास ऑटो फारवर्ड हो जाएगी। रिपोर्टिंग अफसर के बारे में पीएआर एसेसमेंट होने के पश्चात यह रिव्यू अथारिटी के पास ऑटो फारवर्ड हो जाएगी और रिव्यू अफसर को अब 15 नवम्बर तक इसमें अभिमत देना जाने का समय होगा। पहले यह समय सीमा 30 सितम्बर, फिर 31 अक्टूबर तय की गई थी। इस अधिकारी के पास भी अपने अधीनस्थ अफसरों की पीएआर रिव्यू करने का दो माह का समय होगा। इसके बाद अप्रेजल रिपोर्ट एक्सेप्टिंग अथारिटी को 16 नवम्बर को ऑटो फारवर्ड हो जाएगी। इस अधिकारी द्वारा 31 दिसम्बर तक पीएआर को मंजूरी देकर संबंधित आईएएस अधिकारी का परफार्मेंस तय किया जा सकेगा। 31 दिसम्बर को पीएआर रिपोर्ट ऑटो क्लोजर की स्थिति में आ जाएगी। गौरतलब है कि अखिल भारतीय सेवा के अफसरों कर्मचारियों की परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट हर साल भरी जाती है जिसके आधार पर अधिकारियों की वर्किंग परफार्मेंस तय होने पर उन्हें शासकीय पदों और योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

## आपदा में एंबुलेंस ही नहीं, अब पूरा अस्पताल पहुंचेगा.

भोपाल ( एजेंसी )। आपदा या युद्ध जैसी स्थिति में अब अस्पताल खुद चलकर मरीजों के पास पहुंचेगा। एम्स भोपाल को हाईटेक पोर्टेबल ट्रॉमा सेंटर आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब मिल गया है। यह 20 मिनट में पूरी तरह 200 बेड का फंक्शनल अस्पताल बन जाता है। 12 मिनट में ऑपरेशन थिएटर तैयार हो जाता है। यह तकनीक रक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट आरोग्य मैत्री के तहत तैयार की गई है। आरोग्य मैत्री को पहली बार जनवरी में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रदर्शित किया गया था। अब इसका एक यूनिट एम्स भोपाल को सौंपा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन को भी यह पोर्टेबल अस्पताल गिफ्ट किया था। अब यह तकनीक आम जनता की जान बचाने के लिए भारत में इस्तेमाल होगी। आरोग्य मैत्री बिजली, पानी, जीवनरक्षक दवाओं, जांच उपकरण और टेलीमेडिसिन जैसी सुविधाओं से लैस है। यह पहाड़ी, ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में तुरंत तैनात किया जा सकता है। एम्स भोपाल में 4 जुलाई को इसका लाइव डेमो हुआ। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा, यह ट्रॉमा केयर की क्रांति है। आपदा के समय मरीज की जान बचाने के लिए यह सबसे असरदार समाधान है।

आरोग्य मैत्री 72 घंटे तक 200 मरीजों का इलाज कर सकता है। इसमें एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, मॉनिटरिंग डिवाइस जैसी सुविधाएं हैं। पूरी यूनिट को पैराशूट से एयर ड्रॉप किया जा सकता है। इसका सफल परीक्षण हो चुका है।

बिना इंटरनेट भी एप सीपीआर देना सिखाता है... कार्यक्रम में डॉ. भूपेश्वरी पटेल ने कोड इमरजेंसी नाम का मोबाइल एप भी लॉन्च किया। यह एप बिना इंटरनेट के सीपीआर देना सिखाता है।

## सागर में पेपरलेस इले शन के लिए अलग से जाएगी टीम

भोपाल ( एजेंसी )।। पेपरलेस इलेक्शन के लिए देश भर में मॉडल बने राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत उप चुनाव में सागर में होने वाले जनपद सदस्य और सरपंचों के चुनाव में पेपरलेस मॉडल अपनाने का फैसला किया है। इसके लिए चुनाव से पहले तीन बार यहां राज्य निर्वाचन आयोग के अफसरों की टीम दौरा करेगी। इतना ही नहीं आयोग ने इसके लिए 12.50 लाख रुपए के विशेष बजट का भी प्रावधान किया है। सागर जिले में 22 जुलाई को 16 मतदान केंद्रों में होने वाले पंचायत एवं जनपद पंचायत के मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग से तीन चरणों में उप सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का दल जाएगा। सागर के जनपद पंचायत बीना एवं चार ग्राम पंचायतों के सरपंच के लिए चुनाव हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार नवाचार के रूप में इतनी बड़ी संख्या में पेपरलेस इलेक्शन कराया जा रहा है। इस निर्वाचन में एक साथ पहली बार 16 मतदान केंद्रों में पेपरलेस निर्वाचन होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं सचिव अभिषेक सिंह ने इसको लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सागर कलेक्टर संदीप जीआर से चर्चा कर कार्य योजना बनाई गई है।

# रोड नहीं होने से छूट रही बच्चों की पढ़ाई, कलेक्टर से लगाई मदद की गुहार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश में इन दिनों लगातार बारिश हो रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों में आवागमन की समस्या और बढ़ गई है। रीवा जिले की त्यौंथर तहसील के अंतर्गत आने वाले अमांव गांव की स्थिति और भी गंभीर है, क्योंकि यहां अभी तक पक्की सड़क नहीं बनी है। गांव में जाने के लिए एकमात्र कच्चा रास्ता है, जो बारिश में कीचड़ से भर जाता है। इससे गांव के लोगों, खासकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाना न केवल मुश्किल होता है, बल्कि बच्चों की यूनिफॉर्म और जूते भी खराब हो जाते हैं। बरसात के पूरे मौसम में अधिकांश बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है।



**छात्रा वैष्णवी की गुहार:** गांव की एक छात्रा वैष्णवी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर रीवा कलेक्टर डॉ. प्रतीभा पाल से सड़क निर्माण की मांग की है। वीडियो में वैष्णवी कहती है, "स्कूल आने-जाने में हमें बहुत परेशानी होती है। कीचड़ से ड्रेस गंदी हो जाती है और जूते खराब हो जाते हैं। हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। कृपया हमारे गांव की सड़क बनवा दी जाए।" वैष्णवी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और अब प्रशासन की ओर से कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

**जनप्रतिनिधियों पर नाराज ग्रामीण:** गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार अपने जनप्रतिनिधियों से पक्की सड़क की मांग की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वादे तो करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई झांकने तक नहीं आता।

**उम्मीद है प्रशासन लेगा संज्ञान:** स्थानीय लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि कलेक्टर इस मामले में संज्ञान लेंगी और अमांव गांव के लिए पक्की सड़क का निर्माण जल्द कराया जाएगा।

# पूर्व विधायक ने जले ट्रांसफार्मर बदलने के लिए मुख्य अभियंता को लिखा पत्र



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के त्यौंथर विधानसभा जो जिला मुख्यालय से लगभग 100 किमी की दूरी पर स्थित है और त्यौंथर विधानसभा इलाके में लगभग 65 नाग ट्रांसफार्मर जले हुए हैं इसकी जानकारी त्यौंथर विधानसभा के पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी के द्वारा लिखे गए मुख्य अभियंता विद्युत विभाग रीवा के पत्र से हुआ है वही जब पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी से पूरे मामले में संपर्क किया गया तो बताया गया कि लगातार त्यौंथर विधानसभा इलाके ककरहा, गोपालपूर्वा,,टिकरी, अतरसुईया, मांगी, चंदई सहित विभिन्न गांव में जनता के बीच जाकर हाल-चाल जाना तो मालूम पड़ा की इलाके में आधा सैकड़ा से अधिक विद्युत ट्रांसफार्मर जले हुए हैं जले हुए ट्रांसफार्मर के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में आ रही बढ़ाओ और लोगों को हो रही परेशानियों के बारे में दुख व्यक्त किया साथ ही उन्होंने बताया बरसात का मौसम है जिसमें अंधेरा होने के कारण कई तरह की समस्या उत्पन्न होती है जीव जंतु का भी खतरा बना रहता है और खरीफ फसल की भी बोनीशुरू हो गई है रीवा जिला का धान का कटोरा कहे जाने वाले त्यौंथर विधानसभा के कई गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण किसान भाई भी परेशान है इसलिए जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने की तत्काल आवश्यकता है ताकि क्षेत्र में सामान्य रूप से बिजली आपूर्ति बाहाल की जा सके।

**इन गांवों का जला विद्युत ट्रांसफार्मर :** पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने बताया कि झुरहवा बस्ती ,ककरहा, गोबरिया ,अतरसुइया , कैथा, कलवारी ,चंदई सहित अन्य गांवों में काफी समय से विद्युत ट्रांसफार्मर जला है अगर बात करे तो 25 केवी लगभग 50 नग, 63 केवी के 10 नग और 100 केवी के लगभग 5 नग विद्युत ट्रांसफार्मर लगभग 65 नग विद्युत ट्रांसफार्मर जले हुए है जिसे बदलना बहुत जरूरी है किसान भी ट्रांसफार्मर बदलने की राह देख रहा है उम्मीद लगाए बैठा है पर देखना होगा कि पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी के पत्र लिखे जाने के बाद विद्युत विभाग का अमला कब तक जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर बदलता है किसान खुशहाल होगा और आम जनता को भी जले हुए ट्रांसफार्मर के कारण अंधेरे से छुटकारा मिलेगा।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को तत्काल राहत राशि दें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में तत्काल राहत और बचाव कार्य करें। आपदा पीड़ितों के राहत राशि के प्रकरण तत्काल स्वीकृत करके राहत राशि का वितरण कराएं। राहत राशि का प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। अपने क्षेत्र के नदी-नालों और बड़े जलाशयों के जल स्तर में निगरानी रखें। बाढ़ की स्थिति होने पर आमजनों की सुरक्षा और राहत के लिए तत्काल प्रबंध करें। सभी एसडीएम शासकीय मंदिरों की जमीनों और वक्फ की जमीन का सीमांकन कराएं। यदि कहीं अवैध कब्जा है तो उसे हटाने की तत्काल कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सभी उचित मूल्य दुकान से राशन कार्डधारियों को तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ दिया जा रहा है। खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करते हुए 15 जून तक शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कार्यालय प्रमुख स्वयं रूचि लेकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। अभी भी राजस्व, ऊर्जा, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, नगर निगम, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में 50 दिन से अधिक के आवेदन पत्र बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनका निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी तीन दिवस में निराकरण करें। इसमें स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, श्रम विभाग, पीएचई, राजस्व विभाग, हथकरघा विभाग के आवेदन पत्र शामिल हैं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन विभाग, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत तथा सड़कों के निर्माण से जुड़े विभाग मिलकर निराश्रित गोवंश को सड़कों से गौशाला पहुंचाने का अभियान चलाएं। पशुओं को बेसहारा छोड़ने वालों पर भी दण्डात्मक कार्यवाही करें। राजस्व अधिकारी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करके गौवंश के लिए भोजन, पानी, उपचार आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग में शेष बचे हितग्राहियों तथा समग्र पोर्टल के हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन के कार्य में तेजी लाएं। सभी तहसीलदार फार्मर रजिस्ट्री के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाकर शेष बचे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तथा किसान सम्मान निधि पोर्टल पर ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य पूरा कराएं। भारी वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल और पुलियों में आवागमन रोकने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के शेष प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में खाद के वितरण तथा कृषि आदान की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद 8 जुलाई को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में ई ऑफिस व्यवस्था, पेंशन प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# कमिश्नर ने सीवर लाइन से जुड़े सभी निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा करने के दिये निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद ने नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम के कार्यों और विकास योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा तेजी से विकसित होने वाला शहर है। इसे अधोसंरचना विकास के साथ-साथ स्वच्छता में भी अव्वल बनाएं। बाजार तथा सार्वजनिक स्थलों में रात में साफ-सफाई कराएं। सफाई के बाद यदि कोई कचरा फैलाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही करें। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लेकर शहर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करें। आमजनता के सहयोग से ही शहर को साफ-सुथरा और सुंदर रखने का अभियान सफल होगा। हर घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाएं।

कमिश्नर ने कहा कि सीवर लाइन से जुड़े सभी निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरे करें। जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन का कार्य पूरा होता जा रहा है वहाँ सड़कों में सुधार का कार्य तत्काल कराएं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा होते ही घरों में सीवरेज कनेक्शन तेजी से कराएं। अमृत-2 योजना के तहत पेयजल संबंधी निर्माण कार्य की गति प्रशंसनीय है। इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत 4198 आवासों में 3983 का कार्य पूरा हो गया है। शेष 215 आवासों का निर्माण पूरा कराने के लिए कार्य योजना बनाकर प्रयास करें। आवास निर्माण की ठीक से मॉनीटरिंग न करने पर कमिश्नर ने प्रभारी अधिकारी आवास को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि शहर में स्वच्छता के लिए पुनः अभियान शुरू करें। प्रत्येक वार्ड के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दें। सफाई अभियान की लगातार मानीटरिंग करें।

व्यापारी संघों और अन्य संगठनों के साथ बैठक करके बाजार में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि इस साल प्रदेश भर में लगातार अच्छी वर्षा हो रही है। शहर के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके राहत और बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध करें। शहर के नालों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य सात दिवस में अनिवार्य रूप से पूरा करें। राहत शिविरों में ठहरने, भोजन, शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश तथा प्राथमिक उपचार की पूरी व्यवस्था रखें।

बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि अमृत-1 योजना में 363.64 किलोमीटर में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें से 229.4 किलोमीटर में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है। दिसम्बर माह तक कार्य पूरा हो जाएगा। इसके तहत 6 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। केवल जयंती कुंज एसटीपी के उन्नयन का कार्य शेष बचेगा। गंदे नालों के पानी के ट्रीटमेंट के लिए इजरायली तकनीक का उपयोग करने के लिए कार्य शुरू हो गया है। अमृत-2 योजना इंटेक वेल जलशोधन संयंत्र और पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें स्वीकृत 12 टंकियों में से 4 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। शेष का कार्य दो माह में पूरा हो जाएगा। अमृत-2 योजना से कुबेर तालाब तथा झलबदरी तालाब में जल संरक्षण का कार्य पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से निराला नगर में व्यावसायिक परिसर और 700 आवासों का निर्माण की कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है। बैठक में शहरी आजीविका मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री एसके गर्ग, सहायक यंत्री अम्बरीश सिंह, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, उपायुक्त वित्त प्रकाश द्विवेदी, उपायुक्त राजस्व एमएस सिद्दीकी, प्रभारी आजीविका मिशन अभिमन्यु सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों को तय समय सीमा पर पूरा करें - कमिश्नर

## कमिश्नर जामोद ने नगर निगम के निर्माण कार्यों का लिया जायजा




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने नगर निगम क्षेत्र में अमृत योजना के तहत कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कमिश्नर ने कुठुलिया में बनाए जा रहे इंटेकवेल तथा जल शोधन संयंत्र, पंप हाउस तथा अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि रीवा शहर का तेजी से विस्तार हो रहा है। आमजनों की पेयजल व्यवस्था का भी उसी तेजी से विस्तार आवश्यक है। अमृत-2 योजना के निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरे कराएं जिससे आमजनता को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता हो सके। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्यों के प्रभारी कार्यों के प्रगति की हर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पेयजल व्यवस्था से जुड़े निर्माण कार्य 30 नवम्बर तक हरहाल में पूरे कराएं।

इसके बाद कमिश्नर श्री जामोद ने 31 एमएलडी क्षमता वाले पुराने जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने पानी को शुद्ध करने तथा आमजनता तक पहुंचाने की प्रणाली की जानकारी ली। इसके बाद कमिश्नर ने वार्ड नम्बर 25 में बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण कार्य 31 जुलाई तक पूरा करके सीवरेज लाइन से घरों के कनेक्शन जोड़ें।

इसके बाद कमिश्नर ने समान तिराहा के पास चल रहे सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बारिश में सीवरेज लाइन का निर्माण सावधानी से करें। आमजनता के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करें। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सड़क सुधार का कार्य तत्काल कराएं। निरीक्षण के समय आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहाय यंत्री एसएन द्विवेदी, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने नवनिर्मित हुजूर तहसील कार्यालय भवन का किया निरीक्षण



## तहसील भवन के लोकार्पण की 20 जुलाई तक तैयारी पूरी करें - कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कालेज चौराहे के समीप बनाए गए हुजूर तहसील के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का इसी माह रीवा का दौरा प्रस्तावित है। प्रस्तावित दौरे में मुख्यमंत्री जी नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। भवन के लोकार्पण की सभी तैयारियाँ 20 जुलाई तक पूरी कर लें। भवन की साफ-सफाई, परिसर में पेवर लगाने, पार्किंग एरिया के विकास तथा भवन के पीछे रिक्त भूमि पर वृक्षारोपण की तैयारी कर लें। कार्यालय के सभी कक्ष व्यवस्थित कराकर फर्नीचर लगा दें। भवन के प्रवेश द्वार में राजस्व विभाग की प्रमुख योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित कराएं। कार्यालय के लिए आवश्यक फर्नीचर की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करें। नए भवन में उपलब्ध स्थान का समुचित उपयोग करते हुए तहसील कार्यालय को व्यवस्थित रूप से स्थापित करें।

अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं और अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के लिए भी समुचित प्रबंध करें। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीआईयू तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाबा बैजनाथ जायेंगे विन्ध्य से कॉवड़ियों के जत्थे, हो रही तैयारी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आगामी 11 जुलाई से 09 अगस्त तक सावन के महीने में हर मनो कामना पूर्ण करने वाले बाबा बैजनाथ के दर्शनो के लिये विंध्य से भी कॉवड़ियों के जत्थे रवाना होगे जिसके लिये तैय्यारियॉ प्रारंभ कर दी गई है। कॉवड़ियों को बाबा बैजनाथ जाने के लिये एवं चाकघाट, प्रयागराज एवं हनुमना, मिर्जापुर, वाराणसी होकर दूसरा प्रमुख मार्ग है जिसमें मार्ग में पड़ने वाले ग्रामों एवं कस्बो में काबड़ियों के रात्रि विश्राम के साथ भोजन के लिये भी विभिन्न संस्थाओं एवं धर्मपरायण नागरिकों द्वारा व्यवस्था प्रदान करने के लिये योजना बनाई जा रही है। अधिकांश कॉवड़िये पैदल यात्रा करके दर्शनों के लिये बैजनाथ जी जाते है और जल चढ़ाकर अपनी मन्नत पूरी करते है यह जानकारी हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई ने दी है।

हिन्दू धर्म परिषद के संरक्षक डॉ0 सी0बी0शुक्ला, डॉ0 के0के0परौहा, डॉ0 ज्योति सिंह, डॉ0 राहुल मिश्रा, डी0पी0सिंह परिहार, डॉ0 रश्मी शुक्ला, अविराज, अवधेश श्रीवास्तव, डॉ0 विनोद तिवारी, विजय मोहन तिवारी, पप्पू कनौजिया, डॉ0 नरेश बजाज, डॉ0 आदित्य सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष आशीष तिवारी निर्मल, मऊगंज अध्यक्ष शिवेन्द्र मिश्रा एड0 के साथ संयोजक सुमित माँजवानी, अध्यक्ष डॉ0 प्रवीर चंद दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 गीता शुक्ला गीत युवा अध्यक्ष विकास सेन आर्यन, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुशवाहा आदि ने विंध्य के धर्म प्रेरको से ऐसे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। परिषद द्वारा बाहर से आने वाले और स्थानीय कॉवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिये जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये आगे आने के लिये निवेदन किया है। रास्ते में पड़ने वाले ढाबों की स्वच्छता की जॉच करने की आवश्यकता बताई है।

**कमिश्नर और आईजी ने पुलिस लाइन में किया पौधारोपण**

# नगर निगम ने पुलिस लाइन परिसर में रोपे 5 हजार पौधे

## पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य रक्षा के लिए हरियाली आवश्यक - कमिश्नर







**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर निगम द्वारा पुलिस लाइन में वृहद वृक्षारोपण किया गया। अभियान का शुभारंभ करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी गौरव राजपूत ने पौधे रोपित किए। नगर निगम तथा पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन और पुलिस परेड ग्राउंड में 5 हजार पौधे रोपित किए। इस अवसर पर डीआईजी राजेश सिंह, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, पुलिस विभाग की टीम तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी पौधे रोपित किए। इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हम सबके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हरियाली आवश्यक है। पेड़-पौधों से हमें जीवनदायिनी वायु मिलती है। मानव का जीवन भी पेड़-पौधों पर ही निर्भर है। हम लगातार वृक्षारोपण करके धरती माता को हरा-भरा बनाने का प्रयास करें। हरा-भरा वातावरण सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ हमारे भावी पीढ़ी के जीवन की सुरक्षा भी करेगा। नगर निगम ने सराहनीय प्रयास करके एक ही दिन में पाँच हजार पौधे रोपित किए हैं। सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शामिल करें। सबके सहयोग से ही शहर को हरा-भरा बनाने का प्रयास सफल होगा।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री राजपूत ने कहा कि वृक्षारोपण को त्यौहार की तरह मनाना चाहिए। हरियाली महोत्सव पर्यावरण की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। हर व्यक्ति कम से कम दो पौधे रोपित करके इसमें अपना योगदान दे। रोपित पौधों की सुरक्षा का भी पूरा प्रबंध करें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान हमें पूर्वजों को याद करके वृक्षारोपण के माध्यम से उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम डॉ सोनवड़े ने कहा कि पूरे शहर में कार्ययोजना बनाकर पौधे रोपित किए जा रहे हैं। पौधों को विशेष तकनीक से अलग-अलग प्रजातियों में क्रमबद्ध रूप से लगाया जा रहा है, जिससे उनमें वृद्धि दर तेज रहे। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी पूरे प्रबंध किए गए हैं। सबके सहयोग से शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाएंगे।

# विचार

## सुशासन में सरे आम अपराधियों का तांडव

अपने बिहार दौरे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जिस जंगलराज के बहाने महागठबंधन को घेरने की कोशिश की, वह उलट सावित हो रहा है। अब लोग सवाल कर रहे हैं कि यदि सुशासन में सरे आम अपराधी तांडव कर रहे हैं, तो फिर जंगल राज क्या है? महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे तेजस्वी यादव पहले से ही अपराध बुलेटिन जारी कर सुशासन की पोल खोलकर सरकार के विरुद्ध गोलबंदी की मुहिम छेड़ दी है । ऐसे में गोपाल खेमका समेत कई व्यवसाई की हत्या के बाद नाराज वैश्य समाज सुशासन की सरकार के विरुद्ध खड़ा हो जाए तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी।

लोकसभा चुनाव में वैश्य समाज का एक वर्ग महागठबंधन के साथ जा जुड़ा था। सुशासन की सरकार पर सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं। पटना के राजेन्द्र नगर स्थित मगध हॉस्पिटल के मालिक और राज्य के प्रमुख व्यवसायी गोपाल खेमका की 4 जुलाई, को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जहां हत्या हुई है, उस स्थल से गांधी मैदान थाने महज ढाई सौ मीटर की दूरी पर है। आसपास ही पुलिस अधीक्षक और वरीय पुलिस अधीक्षक के आवास हैं। बावजूद इसके अपराधी हत्या कर चलते बने। हद तो ये है कि घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस डेढ़ घंटे बाद पहुंची। व्यवसायी गोपाल खेमका के पहले गत जून माह में ही पुनपुन के सुहागी-कंडाप पथ पर बाइक सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी अंजनी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह घटना गौरीचक के कंडाप पैक्स गोदाम के पास की है, जहां सुनसान जगह का फायदा उठाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक हंडेर गांव के श्याम नंदन सिंह के पुत्र थे और जमीन के कारोबार से जुड़े थे। कारोबारी जयप्रकाश नारायण की भी गत वर्ष अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। आरोप यह था कि अपराधियों ने कारोबारी जयप्रकाश से 1.5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। जब पैसा नहीं मिला तो उनकी हत्या कर दी गई।

बेगूसराय में अक्टूबर 2024 को सोना व्यापारी अनिल कुमार की अपहरण कर हत्या कर दी गई। अनिल कुमार ज्योति ज्वेलर्स के मालिक थे। जून 2024 में ही बिहार के नालंदा जिले के पनहेस्सा गांव के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने जमीन कारोबारी को गोलियों से छलनी कर दिया। उन्हें चार गोलियां मारी गयीं। इलाज के लिए ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान पनहेस्सा गांव निवासी 42 वर्षीय रजी अहमद उर्फ नन्हे के रूप में की गयी। इस हत्या का कारण भी जमीन की खरीद-बिक्री के कारोबार बताया गया।

इस घटना के बाद बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक समीक्षा बैठक की। नीतीश कुमार ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर हुई समीक्षा बैठक में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के साथ पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल थे। नीतीश कुमार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ें और उन्हें कड़ी सजा दें।

1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करने वाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाने और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को पूरी मुस्तैदी एवं कड़ाई से काम करने को कहा।

एनडीए में नीतीश के सहयोगी चिराग पासवान की पार्टी लोजपा ( आर ) के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होने कहा कि जिस तरह गोपाल खेमका की हत्या को अंजाम दिया गया। उससे लगने लगा है कि राज्य में अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है।

# आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद से मोदी ने ब्रिस को बनाया विकासशील देशों की आशा का मंच

**नीरज कुमार दुबे**

**2025 की ब्रिस शिखर बैठक ने एक बार फिर यह साबित किया है कि यह समूह न केवल वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में संतुलन लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन और भारत की नीतिगत प्राथमिकताओं ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थायी भूमिका को रेखांकित किया है। इस बैठक में जहां एक ओर भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूती दी, वहीं दूसरी ओर चीन, रूस और ब्राजील जैसे अहम सहयोगियों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने की पहल भी की। ब्रिस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की बात करें तो आपको बता दें कि उनका आत्मविश्वास, संतुलन और संवाद देखने लायक था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में तीन स्तरों पर भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।**



1. ग्लोबल साउथ का नेतृत्व विकासशील देशों की समस्याओं और आकांक्षाओं को केंद्र में रखते हुए भारत ने भूमिका निभाई।

2. संवाद के माध्यम से मतभेदों का समाधान बिना टकराव के, संवाद और संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत ने चीन और रूस दोनों के साथ अपने हितों को स्पष्ट रूप से रखा।

3. सतत विकास और समावेशी वैश्वीकरण ङ्क डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्कर, हरित ऊर्जा, और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण साझा किया।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को केवल एक आर्थिक मंच नहीं, बल्कि एक रणनीतिक, वैचारिक और नैतिक मंच बना दिया है जो पश्चिमी प्रभुत्व के विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत अब केवल भागीदार नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और संतुलनकर्ता की भूमिका निभा रहा हैङ्क वह भी आत्मविश्वास, गरिमा और स्थिरता के साथ। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्कर मॉडल की सराहना करते हुए ब्रिक्स देशों को इस अनुभव से सीख लेने की सलाह दी और आत्मनिर्भर भारत की नीति को वैश्विक आत्मनिर्भरता की अवधारणा से जोड़ा और कहा कि एक-दूसरे पर निर्भर होकर भी आत्मनिर्भर राष्ट्र बन सकते हैं।

देखा जाये तो ब्रिक्स शिखर बैठक 2025 ने यह सिद्ध किया कि यह मंच अब केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और व्यावहारिक महत्व का बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट, दूरदर्शी और समावेशी विचारों ने भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को उजागर किया। आने वाले वर्षों में ब्रिक्स भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माता के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनता रहेगा।

इसके अलावा, ब्रिक्स समूह की ओर से पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करना और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का दृष्टिकोण अपनाना तथा इससे मुकाबला करने में दोहरे मापदंड त्यागने के भारत के रुख को दोहराना, भारतीय विदेश नीति की एक बड़ी जीत है। हम आपको यह भी बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिका में हुई क्वॉड की बैठक में भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी थी। क्वॉड सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जबरदस्त विरोध करते हुए जो संयुक्त बयान जारी किया था उसका एक एक शब्द दर्शा रहा था कि भारत की बुलंद आवाज का विश्व भर में कितना असर हुआ है।

उधर, ब्रिक्स बैठक 2025 के प्रमुख निष्कर्षों पर गौर करें तो आपको बता दें कि इस वर्ष की बैठक में जो बड़े निर्णय हुए उसके तहत सदस्यों देशों ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक करेंसी सिस्टम विकसित करने पर चर्चा की। साथ ही कई नए विकासशील देशों को ब्रिक्स के तौर पर जोड़ने की दिशा में सहमति बनी, जिससे समूह का वैश्विक प्रभाव और व्यापक होगा। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और ढुख्न जैसे संस्थानों में विकासशील देशों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही सतत विकास, हरित ऊर्जा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्कर में सहयोग को बढ़ाने का निर्णय हुआ। इसके अलावा, ग्लोबल साउथ में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और संघर्ष समाधान पर संयुक्त दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया गया।

भारत की दृष्टि से ब्रिक्स के महत्व की बात करें तो आपको बता दें कि ब्रिक्स भारत को पश्चिमी दबावों से स्वतंत्र होकर अपनी विदेश नीति निर्धारित करने की स्वतंत्रता देता है। रूस और चीन जैसे पड़ोसी राष्टों के साथ मंच साझा कर भारत अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करता है।

इसके अलावा, भारत ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करता है, जिससे उसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से भारत को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वैकल्पिक वित्तीय सहायता प्राप्त होती है, जो जैसे पश्चिमी संस्थानों पर निर्भरता को कम करती है। इसके अलावा, भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को ब्रिक्स देशों का सहयोग मिलने से वैश्विक स्तर पर स्वीकृति और समर्थन मिलता है।

ब्रिक्स सदस्यों के साथ भारत के संबंधों की बात करें तो आपको बता दें कि इस मंच पर भारत और चीन का आमना-सामना उस समय हुआ जब सीमा विवादों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। देखा जाये तो भारत-चीन संबंधों में ब्रिक्स एक रणनीतिक की भूमिका निभा रहा हैङ्क जहां सहयोग की संभावना है, लेकिन सतर्कता भी आवश्यक है।

इसके अलावा, ब्रिक्स के मंच पर भारत और रूस के संबंधों में गर्मजोशी साफ दिखी। यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत ने रूस के साथ ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी को बनाए रखा है। भारत ने रूस से तेल आयात, रक्षा आपूर्ति और परमाणु ऊर्जा सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही भारत ने ब्रिक्स मंच से कोई पक्ष नहीं लिया, बल्कि रूस के साथ संबंधों को रणनीतिक संतुलन के रूप में प्रस्तुत किया। देखा जाये तो भारत-रूस संबंध ब्रिक्स के भीतर भारत की नॉन-वेस्टर्न मैत्री नीति का आधार स्तंभ बने हुए हैं

जहां तक ब्राजील के साथ संबंधों की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और ब्राजील, दोनों ग्लोबल साउथ के अगुवा हैं। ब्रिक्स बैठक में इन दोनों देशों की सहभागिता विशेष रूप से कृषि, जलवायु और डिजिटल समावेशन के क्षेत्र में मजबूत हुई। इसके अलावा, ब्राजील के पास जैव ईंधन की प्रचुरता है और भारत हरित ऊर्जा में अग्रणी बनना चाहता हैङ्क यह साझा लक्ष्य स्पष्ट रूप से उभर कर आया। साथ ही भारत ने ब्राजील के साथ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मज़बूत करने पर बल दिया। इसके अलावा, दोनों देशों ने वैश्विक संस्थानों में सुधार और ग्लोबल साउथ की भूमिका बढ़ाने पर सहमति जताई। हम आपको बता दें कि ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है क्योंकि यह विश्व की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ लाता है, जो वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाला ब्रिक्स एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय मंच है जो विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की आवाज़ को वैश्विक मंच पर बुलंद करता है।

# बिहार की कानून व्यवस्था और 243 सीटों को लेकर चिराग पासवान के बोल- सिर्फ बयान या भविष्य की राजनीति का संकेत ?

संतोष कुमार पाठक

बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव से लेकर विपक्षी गठबंधन में शामिल तमाम राजनीतिक दल राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बिहार की जनता को लालू यादव-राबड़ी देवी के जंगलराज की लगातार याद दिला रहे जेडीयू और भाजपा के नेता सरकार के पक्ष में तर्क दे रहे हैं।

लेकिन एनडीए गठबंधन में शामिल और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान ने एनडीए गठबंधन में खासकर जेडीयू नेताओं में खलबली मचा दी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की राजधानी पटना के पॉश इलाके में एक बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या को लेकर अपनी ही गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने बहुत ही तल्ख अंदाज में इस हत्या को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह हत्याकांड इस बात का संकेत है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। चिराग की पार्टी ने उनके बयान के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। चिराग ने नीतीश सरकार पर सीधा-सीधा हमला बोलते हुए कहा, जिस तरह से बिहार में अपराध बढ़ा है और कानून-व्यवस्था जिस तरह से ध्वस्त हुई है, यह चिंता का विषय है। मैं केवल एक व्यापारी की हत्या को लेकर नहीं कह रहा हूं हालांकि यह भी चिंता का विषय है क्योंकि ऐसी जगह पर यह घटना घटी है जो पटना का एक पॉश इलाका है। 100 मीटर की दूरी पर जहां थाना है और अधिकारियों के घर हैं। यदि यहां पर ऐसी घटना घट रही है तो सोचिए गांव-देहात में क्या हो रहा होगा? अगर बिहार में एक भी हत्या होती है तो सरकार और प्रशासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कहां चूक हुई है, इसे हमें सुधारना होगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके हमें एक उदाहरण देना होगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना घटे। चिराग पासवान का यह बयान विपक्षी नेताओं के बयानों को और ज्यादा मजबूती देता हुआ नजर आता



है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की बात करने वाले नीतीश कुमार बिहार की कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे हैं,अपराधी बेखौफ हो चुके हैं और सुशासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि आखिर केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के बयान के मायने क्या है ? वह चाहते क्या हैं ? यह कोई पहला मौका नहीं है जब चिराग पासवान ने अपने बयान से बिहार की नीतीश सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा की हो। इससे पहले भी वो लगातार कई मौकों पर बिहार की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बता चुके हैं। बिहार में इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर भी चिराग पासवान ने एनडीए गठबंधन के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर रखी है। एक तरफ वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आधिकारिक आवास पर सीट बंटवारे को लेकर हुई बैठक में शामिल होते हैं, लगातार एनडीए गठबंधन को चुनाव में विजयी बनाने की बात करते हैं, बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं होने की बात कहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हैं। चिराग पासवान के विरोधाभासी बयानों ने बिहार की राजनीति को उलझा दिया है। जरा उनके और उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती के कुछ बयानों पर नजर डालिए। एक तरफ जहां चिराग कह रहे हैं कि बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है तो दूसरी तरफ वह खुद विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इतना ही नहीं वह बिहार को विकसित बिहार बनाने के लिए बिहार जाने की बात कर रहे हैं। छपरा में एक बार फिर उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने की बात को दोहराते हुए कहा कि, आज सारण की इस पावन धरती से, आप सबके सामने मैं यह कहकर जा रहा हूं कि हां, मैं चुनाव लड़ूंगा। मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा। इससे पहले उनके बहनोई एवं लोकसभा सांसद अरुण भारती एक वीडियो जारी कर चिराग पासवान के शाहाबाद क्षेत्र से चुनाव लड़ने का संकेत दे चुके हैं। अरुण भारती को चिराग पासवान ने पार्टी का चीफ व्हिप भी बनाया हुआ है और वह लगातार यह भी बयान दे रहे हैं कि बिहार चिराग पासवान को बुला रहा है। ऐसे में सवाल यह खड़ा हो रहा है कि अगर बिहार एनडीए गठबंधन में शामिल चिराग पासवान को बुला रहा है ( बकौल लोजपा नेता) तो फिर नीतीश कुमार कहां जाएंगे ? और अगर बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है (जैसा कि चिराग पासवान ने स्वयं कई बार कहा है) तो क्या वह केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री का पद और सांसदी सिर्फ एक विधायक बनने के लिए छोड़ेंगे ? उनकी पार्टी को एनडीए गठबंधन में किसी भी सूरत में 30 से ज्यादा सीटें नहीं मिलने वाली है, यह जानने के बावजूद एक तरफ जहां चिराग पासवान बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ने का दावा कर रहे हैं तो साथ ही एनडीए गठबंधन को जीत दिलाने की भी बात कह रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं की अनोखी पहल, एक दिन में जुटाए 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया जिसमें जिले भर के लगभग 15000 छात्र-छात्राओं ने घर-घर से निकलने वाले एकल उपयोगी प्लास्टिक के एकत्रीकरण हेतु व्यापक स्तर पर भागीदारी की। इस अभिनव पहल में न केवल छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ आगे आए बल्कि उनके अभिभावकों ने भी बच्चों का भरपूर सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बच्चों ने अपने घरों से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन की थैलियां एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उन्हें विद्यालय लाया जहां प्लास्टिक संग्रहण के पश्चात विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने बच्चों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए पर्यावरण प्रदूषण और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से इसके संबंध को समझाया तथा दैनिक जीवन में कपड़े के थैले, दोना-पत्तल जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। छात्रों की इस पहल ने प्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब एक ही दिन में लगभग 15000 बच्चों ने 844 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक एकत्रित कर स्वच्छाग्राहियों को सौंपा और आमजन से प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन एवं इसके उपयोग को त्यागने की अपील की। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है बल्कि जन जागरूकता के क्षेत्र में विद्यार्थियों की सशक्त भूमिका को रेखांकित करता है।

## बैगा आवासीय विद्यालय नौढ़िया में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।**जिले के भरतपुर विकासखण्ड स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय नौढ़िया में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1, 7वीं, 8वीं और 9वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रवेश भारत सरकार की संरक्षण सह विकास योजना अंतर्गत संचालित कन्द्रीय क्षेत्रीय योजना के तहत किया जाएगा। विद्यालय में बालक-बालिका वर्ग में कक्षा 1 के लिए 2 बालक और बालिका के लिए 3 सीट रिक्त है, वहीं 7वीं कक्षा के लिए बालक 1 और बालिका सीट शून्य है, इसके अलावा 8वीं के लिए बालक सीट शून्य है और बालिका के लिए 2 सीट रिक्त है, और कक्षा 9वीं के लिए बालक सीट 4 है और बालिकाओं के 2 सीटें रिक्त हैं। जिसमें कुल टोटल 06 सीट रिक्त है। तथा इच्छुक विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) के विद्यार्थी जिनके पालक अपने बच्चों को कक्षा 1, 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रवेश दिलाना चाहते हैं वे निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर 12 जुलाई 2025 तक कार्यालय मंडल संयोजक, विकासखण्ड भरतपुर में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। आवेदन का प्रारूप जिला की वेबसाइट https://manendragarh-chirmiri bharatpur.cg.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैगा आवासीय विद्यालय नौढ़िया में विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन, नाश्ता, शाला गणवेश, टी-शर्ट और शॉर्ट्स, ब्लेजर, पीटी शू, मोजे, अंडरवियर, बनियान, टॉवल, टाई, बेल्ट, टूथपेस्ट, तेल, पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, चिकित्सा सुविधा, पुस्तकालय और खेलकूद सहित समस्त सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

## युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण के बाद स्थायी रोजगार

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के तत्वाधान में स्ढ्डस् (इंडिया) लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सेवाओं में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले के विभिन्न थाना व चौकी परिसरों में पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कमांडेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र परसवार, अनुपपुर के निर्देशानुसार यह पहल उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थायी रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे जिसमें युवाओं का पंजीयन कर प्रशिक्षणोपरांत स्ढ्डस् ग्रुप में नियोजन किया जाएगा। शिविर की शुरुआत 12 जुलाई 2025 को थाना परिसर चिरमिरी से होगी, इसके बाद 13 जुलाई 2025 को थाना परिसर झगराखांड में, 15 जुलाई 2025 को थाना परिसर जनकपुर में, 16 जुलाई 2025 को चौकी परिसर कुंवारपुर में, 17 जुलाई 2025 को चौकी परिसर खोंगापानी में, 19 जुलाई 2025 को चौकी परिसर कोड़ा, 20 जुलाई 2025 को थाना परिसर खड़गवां में, 21 जुलाई 2025 को थाना परिसर कोटाडोल में, 22 जुलाई 2025 को थाना परिसर केल्हारी में, 23 जुलाई 2025 को थाना परिसर पोड़ी में तथा 25 जुलाई 2025 को थाना परिसर मनेन्द्रगढ़ में शिविर का आयोजित किया जाएगा। एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का लाभ मिल सके।

## एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 11 को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के निर्देशानुसार की जा रही है। यह इंटरव्यू 11 जुलाई 2025 शुक्रवार को दोपहर 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक कार्यालय पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवां में आयोजित होगा। आवेदन पूरी तरह से अस्थायी है, जिसका मानदेय और कार्यकाल निर्धारित सत्र या स्थायी भर्ती तक सीमित रहेगा। चयन पूरी तरह से वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा और किसी प्रकार की अपील मान्य नहीं होगी। पोड़ीडीह एवं जमथान स्थित एकलव्य विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्यापन हेतु पीजीटी जीव विज्ञान की 1 पद, पीजीटी रसायन विज्ञान की 1 पद, पीजीटी इतिहास की 1 पद, टीजीटी संगीत की 1 पद, टीजीटी पीईटी पुरुष की 1 पद और टीजीटी काउंसलर की 1 पद के वाक-इन-इंटरव्यू के लिए कुल 6 पदों के लिए उम्मीदवार आमंत्रित किए गए हैं। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान के लिए पीजीटी जीव विज्ञान की 1 पद, पीजीटी रसायन विज्ञान के लिए 1 पद और पीजीटी इतिहास के लिए 1 पद के वाक-इन-इंटरव्यू के लिए कुल 3 पदों के आमंत्रित किया गया है। जिसमें कुल 09 पदों के लिए वाक-इन-इंटरव्यू की प्रक्रिया होगी। जिनकी उम्र न्यूनतम 21 से अधिकतम 35 तक की होगी और सभी पद अनारक्षित हैं, जिनकी योग्यता.ह्य श्च–ह्र डुठ्ठ–6ह्वह्र–-द्य (डुह्लह्डुष्द्ध–स्र) होगी, और चयनित अभ्यर्थियों को पीजीटी पद के लिए 33,000 से 35,000 रुपये एवं टीजीटी पद के लिए 29,000 से 33,000 रुपये मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एमसीबी के पटल अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह की वेबसाइट www.emrspodidih.org.in और जिला वेबसाइट www.manendragarh-chirmiri-bharatpur.cg.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं। अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं दो स्व-प्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होवें।

## जिले में जून से अगस्त का राशन उठाव 31 जुलाई तक, खाद्य विभाग ने बढ़ाया समय




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण की समयावधि में महत्वपूर्ण विस्तार किया गया है। मंत्रालय के पत्र के अनुसार अब जिले के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 तक का चावल 31 जुलाई 2025 तक एकमुश्त उठाने की सुविधा दी गई है।

यह निर्णय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित परिवारों के लिए राहतकारी कदम है। वहीं एमसीबी जिला खाद्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। जिले की नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों की सूची में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र की प्रमुख दुकानों में मालवीय नगर महिला विकास बहुउद्देशीय सेवा समिति, शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 711001027 शामिल है जिसके संचालिका सुभाषित और पार्षद श्रीमती रजनी चौहान हैं यह दुकान वार्ड क्रमांक 28 संत कालीदास में स्थित है। वहीं दूसरी दुकान एसईसीएल कर्मचारी उपभोक्ता भंडार, आईडी 711001028 है जिसकी संचालिका सुश्री श्वेता टांडिया हैं और यह वार्ड 34 अहिल्या में स्थित है जहां के पार्षद राहुल भाई हैं। और तीसरी दुकान प्राथमिक सहकारी समिति चिरमिरी आईडी 711001029 है जिसके संचालक प्रतीक लाल हैं और यह वार्ड 4 शास्त्री नगर में संचालित है जहां की पार्षद सुश्री संध्या सोनवानी हैं। खाद्य विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपनी उचित मूल्य की दुकान से चावल प्राप्त कर लें एवं किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें।

## जिले में मानसून सक्रिय, अब तक 281.9 मि.मी. हुई औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में इस वर्ष मानसून सक्रिय रूप में नजर आ रहा है और विभिन्न तहसीलों में लगातार अच्छी बारिश दर्ज की जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अधिकारियों द्वारा आज जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे के भीतर जिले में औसतन 39.2 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है, वहीं भरतपुर तहसील में सर्वाधिक 349.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है जो कि जिले में अब तक की सबसे अधिक बारिश है। अधिकारियों ने बताया कि 1 जून से 07 जुलाई 2025 तक जिले में कुल औसतन 281.9 मि.मी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो खरीफ फसलों की बोआई और किसानों की उम्मीदों के लिए एक सकारात्मक संकेत है। तहसीलवार बारिश के आंकड़ों की बात करें तो मनेंद्रगढ़ में अब तक 239.4 मि.मी, खड़गवां में 279.6 मि.मी, चिरमिरी में 309.7 मि.मी, केल्हारी में 207.9 मि.मी, भरतपुर में 349.6 मि.मी और कोटाडोल तहसील में 305.1 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है।

## बिहान योजना के तहत महिलाओं ने थामी खेती और पशुपालन की कमान हो रही आमदनी में बढ़ोतरी






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा एनआरएलएम बिहान योजना के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में ग्राम स्तर पर महिला कृषि सखी और पशु सखी की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है। कृषि सखियों के माध्यम से गांव-गांव में किसान पाठशालाएं संचालित की जा रही हैं, जहां जैविक खेती को प्रोत्साहित करते हुए निम्बास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्निअस्त्र और जीवामृत जैसी जैविक दवाइयों के निर्माण की विधि स्थानीय संसाधनों से सिखाई जा रही है। कीटनाशक जहरीली दवाओं और जैविक उपायों में अंतर समझाते हुए महिला किसान घरों में स्वयं जैविक दवाइयों का निर्माण करने लगी हैं।

बीजोपचार, थरहा तैयार करना और लाइन विधि से रोपाई जैसे तकनीकी उपायों से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन की राह दिखाई जा रही है। वर्षा ऋतु में सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहन देते हुए मचान विधि को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें भरतपुर विकासखंड की महिलाएं स्थानीय संसाधनों से खड़ा मचान और छतनुमा मचान तैयार कर रही हैं। मचान विधि से सब्जी उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ छिड़काव और तुड़ाई की प्रक्रिया भी आसान हो रही है। गांवों में स्थानीय महिला कृषि सखियों को प्रशिक्षण देकर इन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है और विभाग द्वारा इनकी नियमित निगरानी की जा रही है। इसी तरह पशु सखियों के द्वारा पशुधन संरक्षण की दिशा में भी प्रभावशाली कार्य किए जा रहे हैं। वर्षा ऋतु में पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पशु सखी श्रीमती अर्चना सिंह और अन्य 6 महिला सखियों ने अब तक 1000 से अधिक बकरों और बकरियों का टीकाकरण किया है और मुर्गियों को भी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीपीएम सिमेन्द्र सिंह ने बताया कि महिलाओं से महिलाओं के बीच संवाद सहज होता है और जिला मुख्यतः कृषि आधारित आजीविका पर निर्भर है, ऐसे में महिलाओं को रिसोर्स पर्सन के रूप में तैयार कर विभागीय गतिविधियों के साथ जोड़ना ग्रामीण विकास की दिशा में एक सार्थक और सफल प्रयास सिद्ध हो रहा है।

## आईएएस यशवंत बने खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के आईएएस अफसर यशवंत कुमार की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। अब उन्हें खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यशवंत इस समय प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी हैं। छत्तीसगढ़ के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश में लिखा गया है कि यह जिम्मेदारी अब तक ह्रस् अफसर हिमशिखर गुप्ता संभाल रहे थे। यशवंत कुमार के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से हिमशिखर श्रम विभाग के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

2007 बैच के आईएएस अफसर यशवंत कुमार झारखंड के रहने वाले हैं। करियर के शुरुआती दिनों में वो बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर रह चुके हैं। इसके अलावा यशवंत कुमार नारायणपुर, बीजापुर, रायगढ़ और जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर रह चुके हैं।

## एकलव्य आवासीय स्कूल के स्टूडेंट्स बिजली-पानी-भोजन की समस्या से परेशान



### कलेक्टर से मिलने 5 किमी पैदल चले छात्र

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार (निप्र)।**छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में स्कूली छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिलने 5 किमी पैदल चले। उन्हें पुलिस-प्रशासन ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वो माने नहीं। फिर प्रशासन ने 4 छात्रों को कलेक्टर दीपक सोनी से मिलवाया। मामला सोनाखान स्थित एकलव्य आवासीय स्कूल का है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह 7 बजे स्टूडेंट बिजली, पानी और भोजन की समस्या को लेकर बस से 70 किमी के सफर पर निकल पड़े। जैसे ही जिला प्रशासन को जानकारी मिली, तो कसडोल एसडीएम रामरतन दुबे, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त सूरजदास मानिकपुरी और पुलिस ने नाकेबंदी कर छात्रों को रोकने का प्रयास किया।

समझाइश के बावजूद छात्र नहीं माने और पैदल ही बलौदाबाजार की ओर चल पड़े। छात्रों के पीछे एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम भी चलती रही। छात्र करीब 5 किलोमीटर चलकर डोंगरीडीह गांव में रुके। उनकी मांग थी कि वे अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर के सामने रखेंगे।

हालांकि, बाद में कसडोल एसडीएम सरकारी वाहन से 4 छात्रों को बैठाकर कलेक्ट्रेट ले गए। जहां छात्रों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी बात रखी।

छात्रों के अभिभावकों का कहना है कि बिजली, पानी और भोजन की समस्या पिछले 3-4 साल से बनी हुई है। हर साल केवल आश्वासन मिलता है, समाधान नहीं। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस मामले में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि, बच्चों की समस्या बिजली, पानी और अंक सूची में त्रुटि का था। जिसको लेकर आज बच्चे आए थे, तो उनका बिजली पानी की समस्या का तत्काल निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।उन्होंने बताया कि, जंगल से होकर बिजली गुजरी है, इसलिए बारिश के समय समस्या हो जाती है। वहीं, कुछ बच्चों के बोर्ड के अंकसूची में त्रुटि है। जिसे संस्था प्रमुख के माध्यम से सुधारने के लिए भेजा जा चुका है। वहीं, पालक समिति अध्यक्ष मनोहर सिंह ध्रुव का कहना है कि, तीन चार साल पहले बच्चों के अंक सूची का त्रुटि सुधार आज तक नहीं हुआ है। जब बिजली बंद होती है, तो बिजली, पानी और खाने सबकी समस्या हो जाती है। जिसे प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। इसी बात को लेकर आज कलेक्टर से मिलकर अवगत कराया गया है।

## भिवानी में मुस्लिम परिवार के 2 घर फूंके

भिवानी। हरियाणा के भिवानी में रविवार को कुछ अज्ञात लोगों ने एक मुस्लिम परिवार के 2 घरों में आग लगा दी। साथ ही तोड़फोड़ करते हुए सामान भी बाहर फेंक दिया। घटना ढाणी मांहू गांव की है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था। पुलिस मौके पर आई तो परिवार के लोग नहीं मिले। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। पड़ोसी पूरे विवाद पर चुप्पी साधे हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए घर के आसपास पुलिस फोर्स तैनात की गई है। ढाणी मांहू गांव के युवक अक्षय ने बताया कि घर बंद था। यहां पर कोई सदस्य नहीं थे। 15-20 लोग आए जिन्होंने अपने मुंह ढंक रखे थे। कुछ लोगों ने हाथों में हथौड़े ले रखे थे। उन्होंने आते ही घर में तोड़फोड़ की और उसके बाद आग लगा दी। 20 मिनट में घटना को अंजाम देकर भागे गए। जब आग लगी तो दूर तक आसमान में धुआं उठाता दिखा। इसके बाद दौड़कर लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की।

## कर्नाटक के धर्मस्थल मंदिर में महिलाओं से रेप-हत्या के आरोप

बेंगलुरु। कर्नाटक के धर्मस्थल मंदिर के प्रशासन से जुड़े कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं। मंदिर में काम कर चुके एक दलित सफाईकर्मी ने दावा किया कि इन्होंने उसे कई महिलाओं और बच्चियों की लाशें जलाने और दफनाने के लिए मजबूर किया। इन महिलाओं के साथ बलात्कार कर हत्या की गई थी। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व सफाईकर्मी ने कहा कि वह 1998 से 2014 के बीच मंदिर में काम करता था। उसने तस्वीरों और दफन किए गए अवशेषों के सबूत पुलिस को सौंपे हैं। उसने कहा- मैं अब आगे आ रहा हूं क्योंकि पछतावा और पीड़ितों को न्याय दिलाने की भावना मुझे चैन से जीने नहीं दे रही। मैं पुलिस को उन सभी स्थानों पर ले जाने को तैयार हूं जहां शव दफनाए गए थे। इस खुलासे के बाद धर्मस्थल थाने में 3 जुलाई को मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण के. ने बताया कि गोपनीय रूप से अदालत की अनुमति के बाद शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

## मुख्यमंत्री ने मूंग उत्पादन का 40 प्रतिशत खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करने का किया आग्रह

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से किसानों के हित में मूंग के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,682 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई गिरदावरी में ग्रीष्मकालीन मूंग के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।

## रेलवे प्लेटफार्म पर दौड़ी कार

**भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी के भोपाल रेलवे प्लेटफार्म पर कार और स्कूटर दौड़ रहे हैं। शनिवार तड़के ऐसे ही दो मामले सामने आए। एक कार सवारियों को लेकर प्लेटफार्म नंबर छह पर दूर तक आई। वहां यात्रियों को उतारकर लौट गई। वहीं प्लेटफार्म नंबर पांच पर एक स्कूटर से यात्री को छोड़ा गया। दोनों मामलों में आरपीएफ और जीआरपी सोती रही। यात्रियों की शिकायत के बाद एक्शन शुरू हुआ। कार मालिकों को गिरफ्तार कर उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। उनके वाहनों को जब्त कर लिया गया है। शनिवार को सुबह-सुबह प्लेटफार्म नंबर छह पर एक कार (एमपी04 सीसी 1317) को यात्रियों को उतारते हुए देखा गया। वहां मौजूद यात्रियों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। वहीं लोगों ने रेल मदद पोर्टल व ट्विटर के ज़रिए रेलवे प्रशासन से इसकी शिकायत की।

# सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ेंगें, मिलेगा हर लाभ

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्नेह का बंधन एकतरफा नहीं होना चाहिए। राज्य सरकार हर पल वनवासियों के साथ खड़ी है, यह बात पूरी शिद्दत से उन तक पहुंचनी चाहिए। सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें। वनवासियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं। इस सम्मेलन के जरिए सरकार इन बच्चों को उन तक पहुंचने वाले लाभ का फीड-बैक भी लेगी और जिन्हें जरूरत है, उन तक सरकार की योजनाएं तथा सुविधाएं भी पहुंचाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा इसी विषय के लिए गठित कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कार्य एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर 2025 तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट यानि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इसमें पेसा मोबालाईजर्स के जरिए जनजातियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देकर योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जाता है। इन सभी पेसा मोबालाईजर्स की अपने काम पर उपस्थिति और उच्च कोटि का कार्य प्रदर्शन फील्ड में दिखाई भी देना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा मोबालाईजर्स को नियुक्त करने और संतोषजनक प्रदर्शन न करने पर इन्हें हटाने के अधिकार सरकार अब ग्राम सभाओं को देने जा रही है।

इस निर्णय से एकरूपता आएगी और ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वनवासियों की बेहतरी के लिए संकल्पित है। उनके सभी हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन विभाग का मैदानी अमला यह सुनिश्चित



करे कि वन भूमि पर अब कोई भी नये अतिक्रमण कदापि न होने पाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के %जलयुक्त शिविर% अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल मध्यप्रदेश में भी अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों द्वारा इस अधिनियम के अमल के लिए की जा रही कार्यवाही के सभी पहलुओं का अध्ययन कर लें और जो सबसे उपयुक्त है उसी मॉडल पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विधायकों द्वारा विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया है। वनाधिकार अधिनियम और पेसा कानून के अमल के लिए समुचित प्रावधान भी इसी विजन डॉक्यूमेंट में शामिल कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार क्रमबद्ध रूप से विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों और अन्य जनजातीय बहुल गांव, मजरों-टोलों तक सड़कों का निर्माण कर रही है। ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना में पेसा कोष की राशि खर्च करने का अधिकार भी संबंधित पेसा ग्राम सभा को दिया जा रहा है।

बैठक में समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक श्री भगत सिंह नेताम ने बताया कि वनाधिकार अधिनियम के प्रभावी अमल के लिए बालाघाट जिले में पुलिस विभाग द्वारा सभी पुलिस चौकियों में एकल सुविधा केन्द्र स्थापित कर इसके जरिए कैम्प लगाकर जनजातियों को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 450 वनाधिकार दावे भरवाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 88 जनजातीय विकासखंडों वाले जिलों के कलेक्टर को बालाघाट मॉडल भेजकर इसी अनुरूप कार्यवाही करने के लिए कहा जाए।

## उप मुख्यमंत्री से मिले रेसलर भाई-बहन रोहित और खुशी



**भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा से शनिवार को उनके निवास पर केरला के त्रिसुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप-2025 पंजा कुश्ती (आर्म रेसलिंग) में स्वर्ण पदक विजेता रोहित सिंह और उनकी बहन कांस्य पदक विजेता खुशी लहरिया ने भेंट की। नेशनल चैम्पियनशिप में रोहित सिंह ने 2 स्वर्ण पदक और खुशी लहरिया ने 1 कांस्य पदक जीता है। उप मुख्यमंत्री ने रोहित सिंह और खुशी लहरिया के पदक जीतने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने मध्यप्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में मध्यप्रदेश के साथ देश का नाम भी रोशन करें। भाई-बहन रोहित एवं खुशी के कोच विक्रम अवार्डी श्री मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व एवं प्रशिक्षण से दोनों भाई-बहन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उनके माता-पिता ने बताया कि प्रशिक्षण एवं लगन की बल पर दोनों बच्चों ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता है।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' वृहद वृक्षारोपण अभियान

**भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल द्वारा संस्थान के सामान्य परिषद के अध्यक्ष श्री इंदर परमार उच्च शिक्षा मंत्री के मार्गदर्शन में वृहद वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम अभियान किया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत पौधों की पूजा अर्चना एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर की गई।संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल द्वारा संदेश दिया गया कि वृक्ष केवल हरियाली का प्रतीक नहीं होते, बल्कि वे जीवन के अस्तित्व की नींव हैं। हर व्यक्ति का एक छोटा प्रयास भी पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ बना सकता है। तत्पश्चात वरिष्ठ पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवक श्री अशोक पटरथ की प्रेरणा एवं सौजन्य से संस्थान में 200 पौधे लगाये गये, जिसमें फूलों से लेकर बड़े वृक्ष जैसे अशोक, नीम,



तुलसी, अर्जुन, बड़, अमरूद, बेल, गुलमोहर, आंवला, जामुन, गुड़हल, सीताफल, नीलगिरी, पलाश, बादाम, चाँदनी, गुलमोहर, अमलतास, कनेर, हर्रा, करोंदा, वटवृक्ष, निंबू, चमेली सम्मिलित है। यह पहल न केवल पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली से भरपूर और स्वच्छ वातावरण तैयार करने की दिशा में भी एक अहम कदम होगी।

एक पेड़ माँ के नाम卐 अभियान दिल से जुड़ी एक सुंदर पहल है।

यह सिर्फ एक वृक्षारोपण नहीं, बल्कि माँ के प्रति हमारी श्रद्धा और धरती माँ के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## खेमका की हत्या पर राहुल बोले- बिहार क्राइम कैपिटल बना

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार की राजधानी पटना में कारोबारी गोपाल खेमका की सरेआम हत्या पर राहुल गांधी ने बिहार को भारत की %क्राइम कैपिटल% कहा है। राहुल ने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा कि अपराध बिहार में न्यू नॉर्मल बन चुका है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पटना में व्यवसायी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है - और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि एनडीए के शासन में अब तक 65,000 हत्याएं हो चुकी है फिर भी यहां मंगलराज है। मजाल है अचेत मुख्यमंत्री किसी घटना पर कोई व्यक्तव दे सके इससे पहले खेमका के भाई शंकर खेमका ने भी कहा था, सरकार के लोग लालू प्रसाद के राज को जंगलराज कहते हैं। लेकिन, हमारे लिए तो उससे बड़ा जंगलराज अभी है। बिहार सरकार ऑर्गेनाइज क्राइम चला रही है। सभी जगह ब्लैक मार्केटिंग है। हर जगह लूट है। बिजनेसमैन खेमका



की पटना में शुक्रवार (4 जुलाई) को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें रात 11 बजे गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास उनके घर के बाहर सिर में गोली मार दी गई थी, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, लेकिन अब तक अपराधी पकड़े नहीं जा सके हैं। पटना में आज खेमका का अंतिम संस्कार किया जाना है।

## राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। बगैर सर्वे, बगैर तैयारी, आरक्षण देने की बात करके फैलाए गए भ्रम के कारण यह मामला कोर्ट में लंबित रहा। आरक्षण के संबंध में तथ्यात्मक आंकड़ों के आधार पर विधानसभा में बिल प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार 14 प्रतिशत आरक्षण से शेष बचे लोगों को आरक्षण का लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। ऐसे विद्यार्थी जो न्यायालयीन प्रक्रिया के कारण ज्वाइनिंग नहीं दे पाए, उनको ज्वाइन कराने के भी प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकारियों- कर्मचारियों की पदोन्नति के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर जातिगत जनगणना की प्रक्रिया भी आरंभ हो रही है।

# जोखिम और ज़मिदारी दोनों आपकी

**भोपाल ( एजेंसी )।** ज़ूनोटिक बीमारियाँ वे बीमारियाँ होती हैं जो पशुओं और इंसानों के बीच फैल सकती हैं। ये बीमारियाँ पशुओं और इंसानों दोनों को प्रभावित कर सकती हैं एवं कभी-कभी गंभीर रूप से या जानलेवा भी हो सकती हैं। इनसे पशुपालकों को अधिक खतरा होता है। पशुओं के साथ ज़्यादा समय बिताने से संपर्क बढ़ता है, जिससे जोखिम भी बढ़ता है। ज़ूनोटिक बीमारियाँ तब फैलती हैं जब इंसान किसी संक्रमित पशु या उससे जुड़ी वस्तुओं के संपर्क में आता है। कुछ आम ज़ूनोटिक बीमारियों में रेबीज शामिल है, जो पशु के काटने से फैलती है और समय पर टीका न लगवाने पर जानलेवा हो सकती है। ब्रुसेलोसिस संक्रमित पशुओं के दूध या सीधे संपर्क से फैलती है, जिससे बुखार, जोड़ों में दर्द और गर्भपात हो सकता है। टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) संक्रमित पशुओं के संपर्क, दूध या मांस के



सेवन से फैल सकती है। एंथ्रेक्स संक्रमित जीवित या मृत पशुओं और उनके उत्पादों से फैलता है। बर्ड फ्लू बीमार पक्षियों या उनकी बीट के संपर्क से फैलता है, जबकि साल्मोनेला कच्चे मांस, दूध या अंडों के ज़रिए इंसानों में संक्रमण फैला सकता है। इन ज़ूनोटिक बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद ज़रूरी है। बीमार या मरे हुए पशुओं से दूरी बनाए रखें और उन्हें बिना सुरक्षा उपकरणों के न छुए। पशुओं के शवों का निपटान निर्धारित प्रक्रिया अनुसार करें। बच्चों को बीमार पशुओं से दूर रखें। हमेशा दूध को उबालकर और मांस व अंडों को अच्छी तरह पकाकर ही सेवन करें। पशुओं का नियमित टीकाकरण कराएं, विशेषकर रेबीज और ब्रुसेलोसिस जैसी बीमारियों के टीके अवश्य लगाए। पशुओं की देखभाल करते समय दस्ताने, मास्क और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों का उपयोग करें।

साफ-सफाई का ध्यान रखें, पशु बाड़ों और उपकरणों को नियमित रूप से कीटाणुनाशक से साफ करें, और संदिग्ध मामलों में तुरंत पशु चिकित्सक या स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करें। 6 जुलाई को विश्व ज़ूनोटिक दिवस मनाने का उद्देश्य है लोगों को इन बीमारियों के बारे में जागरूक करना और एक स्वस्थ, सुरक्षित समाज की दिशा में कदम बढ़ाना। पशुपालन से जुड़े सभी लोगों की ज़म्मिेदारी है कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में योगदान दें।

# तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षण

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक बगिया मां के नाम परियोजना, गंगोत्री हरित योजना और नर्मदा परिक्रमा पथ जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन योजनाओं के तहत मनरेगा के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेश के 2101 इंजीनियर और 626 कृषि सखी को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश जल-भूमि प्रबंध संस्थान, भोपाल और क्षेत्रीय ग्रामीण विकास-पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पौधरोपण कार्य वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने निर्देश दिए हैं कि नदियों के उद्गम स्थलों पर पौधरोपण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों में पौधरोपण कर तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने एक बगिया मां के नाम परियोजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बताया। मनरेगा के अंतर्गत प्रशिक्षण पाने वाले अधिकारियों में 36 कार्यपालन यंत्री आरईएस, 215 सहायक यंत्री, 47 डीपीएम एसआरएलएम और 1803 उप यंत्री शामिल हैं। इन्हें पौधरोपण की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे वे इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें। प्रदेश में पहली बार पौधरोपण कार्य में अत्याधुनिक तकनीक सिपरी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से संबंधित जिलों की जलवायु, मिट्टी की गुणवत्ता, एग्रो क्लाइमेट ज़ोन, स्थल चयन और पानी की उपलब्धता जैसी जानकारियां जुटाकर पौधों की उपयुक्त प्रजातियों का चयन किया जाएगा। जहां सॉफ्टवेयर उपयुक्तता नहीं दिखाता, वहां पौधरोपण नहीं किया जाएगा, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके।

एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उनकी निजी भूमि पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए 626 कृषि सखी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कृषि सखी बाद में अन्य स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को पौधारोपण की तकनीक, पौधों के चयन और देखरेख के बारे में प्रशिक्षण देंगी और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगी।

इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में न केवल पर्यावरण-संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा।

# डेंगू और फूड पाइजनिंग के मरीज बढ़े

**भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी (क्द्धश्च्ड्ड्य) में लगातार हो रही तेज बरसात को देखते हुए सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड, फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने सभी अस्पतालों को बेहतर इलाज प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। अब अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं का भंडारण, जांच की सुविधाएं और बिस्तर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही साफ-सफाई, पानी का रिसाव न हो, और मरीजों को बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करने जैसे उपायों पर भी जोर दिया गया है। भोपाल जिले में प्राथमिक और संजीवनी क्लीनिक को मिलाकर 85 अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र हैं। इन सभी पर बीएमओ और सीएमएचओ स्तर के अधिकारी नियमित निगरानी करेंगे। अस्पताल भवनों की स्थिति पर भी ध्यान देने को कहा गया है, ताकि पानी भराव या सीलन जैसी समस्याएं मरीजों के इलाज में बाधा न बनें। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जहां मरीजों की संख्या अधिक है, वहां बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जाए और जरूरत पड़ने पर तत्काल इलाज की व्यवस्था की जाए। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए अलग से विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पतालों में नियमित साफ-सफाई हो, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। जेपी अस्पताल में बरसात से जुड़ी बीमारियों में बढ़ोतरी जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि बरसात शुरू होते ही अस्पताल में वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया और पेट से जुड़ी बीमारियों के मरीज बढ़ने लगे हैं। खासतौर पर दस्त, उल्टी, फूड पाइजनिंग और टायफाइड जैसे मामलों में इजाफा हुआ है। हमने ओपीडी और इमरजेंसी में विशेष सावधानी और अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की है।

## 15 लाख छात्रों को सीएम बांटेंगे मुफ्त साइकिल



भोपाल। मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने विद्यार्थियों को एक बड़ी खुशखबरी दी है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें बड़ी संख?या में निशुल्क साइकिल दी जा रही है। इसके दिशा-निर्देश जारी करने के बाद अब इसके कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी गई है। इसमें कक्षा छठवीं और नवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाएगी। अब इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स के माध्यम से जानकारी साझा की है। उन्होंने एक पोस्टर शेयर करते हुए कहा कि 10 जुलाई को प्रदेश में 15 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की जाएंगी।

# रोहित और कोहली की वनडे वापसी पर लगा ब्रेक, फैंस को करना होगा इंतजार

## भारत-बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज 2025 टली






**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम इस साल बांग्लादेश दौरे पर नहीं जाएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच अगस्त 2025 में प्रस्तावित सीमित ओवरों की सीरीज अब फिलहाल स्थगित कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को जानकारी दी कि दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड की आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया है। नई सीरीज अब सितंबर 2026 तक के लिए टाल दी गई है। इस दौरे में तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे। सीरीज टलने से भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को उस वापसी का भी इंतजार करना पड़ेगा जिसका वे लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे रोहित शर्मा और विराट कोहली की वनडे क्रिकेट में वापसी। दोनों दिग्गज खिलाड़ी पहले ही टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ यह सीरीज उनके लिए एक तरह से वनडे क्रिकेट में पुनः दस्तक देने का मंच मानी जा रही थी। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि यह निर्णय दोनों टीमों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम और मौजूदा शेड्यूल की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी पुष्टि की है कि वह सितंबर 2026 में भारत की मेजबानी को लेकर उत्साहित है। इस सीरीज की नई तारीखों की घोषणा आने वाले महीनों में की जाएगी। गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच यह सीरीज 17 अगस्त 2025 से शुरू होनी थी। तय कार्यक्रम के अनुसार टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरे के समापन के बाद सीधे बांग्लादेश रवाना होना था, लेकिन अब उस योजना पर विराम लग गया है। फिलहाल भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है, जो 4 अगस्त को समाप्त होगी। सीरीज स्थगित होने से रोहित और विराट के प्रशंसकों को बड़ा झटका लगा है। विराट कोहली ने अपना आखिरी वनडे मार्च 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था और अब तक वे 302 वनडे मैचों में 14181 रन बना चुके हैं, जिसमें 51 शतक और 74 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं रोहित शर्मा ने 273 वनडे मैचों में 11168 रन बनाए हैं और उन्होंने भी अपना अंतिम वनडे न्यूजीलैंड के खिलाफ ही मार्च 2025 में खेला था।

## अब केरल क्रिकेट लीग में खेलते नजर आयेंगे सैमसन

**तिरुवनंतपुरम ( एजेंसी )।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) के दूसरे सत्र में खेलते हुए नजर आयेंगे। सैमसन को कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने उन्हें 26.60 लाख रुपये में शामिल किया है। इससे सैमसन अब इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। तीन लाख आधार मूल्य वाले सैमसन को कोच्चि ने सबसे अधिक रकम देकर जोड़ा है। कोच्चि ब्लू टाइगर्स के पास कुल 50 लाख की राशि थी जिसमें उसे उसने आधी सैमसन पर ही लगा दी। पिछले साल सैमसन को केरल क्रिकेट लीग का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया था पर अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में व्यस्त रहने के कारण ही वह इस सत्र में कोई मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं विष्णु विनोद को एरीज कोल्लम ने विष्णु विनोद को 13.8 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर जलज सक्सेना को एलेप्पी रिपल्स ने 12.4 लाख रुपये में खरीदा। सैमसन ने अंतिम बार आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था। 18वें सत्र में फिटनेस कारणों से वह कई मुकाबले में नहीं खेल पाये थे। ऐसे में रियान पराग को राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी दी गयी थी।

## स्थानीय शेयर बाजार की कमजोर रही चाल




**मुंबई ( एजेंसी )।** वैश्विक बाजारों से मिले सुस्त संकेतों की वजह से भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन सोमवार को मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में खुले। अमेरिका के ट्रंप टैरिफ 1 अगस्त 2025 से लागू होंगे। ये उन देशों पर उन देशों पर लागू होंगे जिन्होंने ट्रम्प प्रशासन के साथ समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स करीब 50 अंक की गिरावट के साथ 83,398 अंक पर खुला। यह 47.15 अंक गिरकर 83,385.74 पर कारोबार कर रहा था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 53.75 अंक गिरकर 25,407.25 पर खुला। वहीं निवेशकों की नजर आज अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर अपडेट पर टिकी होगी। अमेरिकी के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने रविवार को कहा कि टैरिफ 1 अगस्त से उन देशों पर लागू होंगे जिन्होंने ट्रम्प प्रशासन के साथ समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया है। निवेशक अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की तैयारी करेंगे। तिमाही सीजन इस सप्ताह शुरू होने वाला है। वहीं अमेरिकी टैरिफ लगाने की समयसीमा में बदलाव के कारण एशिया बाजारों में गिरावट देखी जा रही है। जापान का बेंचमार्क निक्केई 225 0.26 प्रतिशत गिरा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.48 प्रतिशत गिरा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 खुलने पर स्थिर रहा। इस बीच, अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स 146 अंक (0.32 प्रतिशत), एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 0.39 प्रतिशत और नैस्डैक 100 फ्यूचर्स 0.42 प्रतिशत नीचे था। आईपीओ बाजार में मेनबोर्ड सेगमेंट में ट्रैवल फूड सर्विसेज का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसके अलावा, क्रिजैक आईपीओ के लिए अलॉटमेंट को आज अंतिम रूप दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.61 फीसदी लुढ़का है, ये 96,395 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास है। चांदी अभी भी एक लाख के पार कारोबार कर रही है लेकिन आज इसमें 0.91 फीसदी की गिरावट आई है। चांदी 1,07,446 रुपए प्रति किग्रा के आसपास है। कॉमेक्स पर सोना 0.84 फीसदी की तेज गिरावट के साथ 3314.40 डॉलर प्रति औंस पर है। बता दें कि अप्रैल में ट्रंप ने 10 फीसदी बेस टैरिफ और कुछ मामलों में 50 फीसदी तक का अतिरिक्त टैरिफ का ऐलान कर दिया था लेकिन बाद में इन्हें 90 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था, ताकि बातचीत का समय मिले। इसकी आखिरी तारीख 9 जुलाई को खत्म हो रही है। बाजार के जानकारों ने कहा कि अगर ट्रंप 9 जुलाई को ही अंतिम तिथि बनाए रखने पर जोर देते हैं और फिर से ये टैरिफ लगता है, तो डॉलर निश्चित रूप से कमजोर होगा और सोने की कीमत में उछाल आ सकता है।

### रुपया 26 पैसे टूटकर 85.66 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई ( एजेंसी )।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों की कमजोर शुरुआत के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 26 पैसे टूटकर 85.66 प्रति डॉलर पर खुला। अमेरिका के अपने व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क बढ़ोतरी की समय-सीमा नौ जुलाई से पहले नए समझौते करने का दबाव रविवार को बढ़ा दिया और देशों को धमकी दी है कि एक अगस्त से उच्च शुल्क लागू हो सकते हैं। इससे रुपये पर और दबाव पड़ेगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 पर खुला। बाद में 85.66 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 85.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.08 पर आ गया।

### अब फिल्मों में नजर आयेंगे रैना

**मुंबई ( एजेंसी )।** पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के अनुभवी खिलाड़ी सुरेश रैना अब फिल्मों में डेब्यू करने जा रहे हैं। खेल के मैदान पर अपनी चमक बिखेरने के बाद अब रैना अब तमिल फिल्म में नजर आयेंगे। रैना तमिल फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम नाइट स्टोरीज के बैनर तले बनने वाली एक फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर दिखेंगे। अनुमान है कि ये फिल्म क्रिकेट को लेकर है। इसको लेकर आये एक वीडियो में रैना को क्रिकेट स्टेडियम में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है, जहां प्रशंसक उनका जोश के साथ स्वागत कर रहे हैं। टीजर को शेयर करते हुए प्रोडक्शन टीम ने लिखा, चिन्ना थाला सुरेश रैना का स्वागत है। गौरतलब है कि रैना को उनके प्रशंसक प्यार से 'चिन्ना थाला' कहते हैं, और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए उनके योगदान की वजह से तमिलनाडु में उनकी जबरदस्त मांग है। इस फिल्क का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है पर टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म क्रिकेट पर आधारित हो सकती है।

## अगले माह खेला जाएगा सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट अगले माह 5 से 16 अगस्त तक अमेरिका में खेला जाएगा। इसमें दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ही भारत के हरभजन सिंह और कुछ अन्य क्रिकेटर भी शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट में हरभजन के अलावा शिखर धवन व रॉबिन उथप्पा भी खेलेंगे। इन सभी पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि इस टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिलने से वह उत्साहित हैं। हरभजन ने कहा, मैं सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह एक अनूठा और विशिष्ट प्रारूप है जो खेल में नयापन लाने का वादा करता है। अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों की भागीदारी के साथ, यह टूर्नामेंट अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाएगा। लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वहींधवन ने कहा, सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में शामिल होना बढ़ते क्रिकेट समुदाय में प्रशंसकों से जुड़ने का एक अच्छा अवसर है। अंतरराष्ट्रीय सितारों और एक नए आकर्षक प्रारूप के साथ इस आयोजन से अमेरिका में क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की राह बनेगी। उथप्पा ने कहा, सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट प्रतिस्पर्धा और नवाचार दोनों के मामले में एक बेहतरीन मंच है। इसका अनूठा प्रारूप खेल में एक नया आकर्षण लाता है और नए प्रशंसकों को आकर्षित करने की बहुत संभावना है।

## गिल, जायसवाल और पंत पर होगा अब दारोमदार : माइकल वॉन



**लंदन ( एजेंसी )।** कोहली, रोहित के बाद भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को उठानी पड़ेगी। यह मानना है इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले यह जिम्मेदारी बखूबी निभाई। अब यह युवा खिलाड़ियों के पास बड़ा मौका है कि वे उस विरासत को आगे बढ़ाएं। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज़ में देखा जाए तो कोहली और रोहित की गैरमौजूदगी के बावजूद भारतीय बल्लेबाजी क्रम अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके मुताबिक गिल, जायसवाल और पंत ने मिलकर एक अच्छा समूह बनाया है जो जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार दिखता है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों के पास भारतीय टेस्ट क्रिकेट को वही ऊर्जा और जुनून देने का मौका है जो कोहली ने दिया था। वॉन ने कहा कि कोहली ने टीम में न सिर्फ बल्लेबाजी बल्कि आक्रामक सोच और रणनीतिक समझ भी दी, जो भारतीय टीम को लंबे समय तक शीर्ष पर बनाए रखने में मददगार रही। उन्होंने कहा कि अगर गिल, जायसवाल और पंत इस मानक के करीब भी पहुंच सके तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। वॉन ने माना कि भारत जैसी प्रतिभा-समृद्ध टीम के पास हमेशा विकल्प रहते हैं लेकिन कोहली जैसा करिश्माई और प्रेरक खिलाड़ी बार-बार नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि दो बड़े खिलाड़ियों के अचानक टीम से बाहर होने के बाद तुरंत आगे बढ़ पाना आसान नहीं होता, लेकिन शुभमन गिल ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज काफी परिपक्वता दिखाई है और उनके नेतृत्व में टीम को बल्लेबाजी में कोई बड़ी कमी नहीं दिखती। वॉन ने यह भी कहा कि भारत की टेस्ट टीम में इतनी गहराई और प्रतिस्पर्धा है कि यह टीम भविष्य में भी दबदबा कायम रख सकती है। उन्होंने हालांकि यह भी जोड़ा कि टीम को ज्यादा निरंतरता दिखानी होगी ताकि वह लंबे समय तक शीर्ष पर बनी रहे। वॉन ने चयन को लेकर कुछ सवाल भी उठाए और कहा कि वह जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट में न खिलाने और कुलदीप यादव को बाहर रखने के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि सात दिन का ब्रेक मिलने के बावजूद बुमराह को बाहर रखना और कुलदीप जैसे उपयोगी स्पिनर को नजरअंदाज करना समझ से परे है।

## क्या आईओसी के दबाव में पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत देगा वीजा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को भारत आने देने के मुद्दे पर सरकार के सामने कठिन स्थिति बन गई है। कई वर्तमान और पूर्व खेल प्रशासक सरकार से अपील कर रहे हैं कि वह पाकिस्तान को वीजा देने से इनकार करे, लेकिन सरकार ऐसा कदम उठाने से झिझक रही है। इसकी वजह ओलंपिक चार्टर का नियम है, जिसमें राजनीतिक कारणों से किसी देश को टूर्नामेंट से बाहर करने को प्रतिबंधित किया गया है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक है और अगर इस बार पाकिस्तान को वीजा देने से इनकार किया तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सामने नकारात्मक संदेश जाएगा और भारत की दावेदारी कमजोर पड़ सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान को वीजा न देने पर यह ओलंपिक चार्टर के उल्लंघन के रूप में देखा जाएगा। चार्टर यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी योग्य एथलीट राष्ट्रीयता या राजनीतिक मतभेद के आधार पर भेदभाव का सामना न करे और उसे खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अधिकार मिले। इसमें खेल महासंघों की स्वायत्तता और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रहने पर भी जोर दिया गया है। ऐसे में भारत सरकार को यह डर है कि अगर वह पाकिस्तान टीम को रोकती है, तो भविष्य में उसकी वैश्विक खेल प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। भारत पहले भी ऐसी स्थिति का सामना कर चुका है। 2018 में कोसोवो के मुक्केबाजों को वीजा नहीं देने के चलते भारत की कड़ी आलोचना हुई थी क्योंकि भारत ने कोसोवो को मान्यता नहीं दी थी। 2019 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के दो निशानेबाजों और एक अधिकारी को वीजा नहीं दिया गया। इसके बाद आईओसी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि भविष्य में भारत में किसी भी ओलंपिक से जुड़े आयोजन की मेजबानी के लिए सभी चर्चाएं निलंबित कर दी जाएंगी जब तक भारत सरकार लिखित में गारंटी न दे दे कि वह सभी देशों के खिलाड़ियों को प्रवेश की अनुमति देगी।

अन्य देशों के उदाहरण भी भारत के लिए चेतावनी बने हैं। 2019 में मलेशिया ने इजरायली एथलीटों को वीजा देने से इनकार किया था, जिससे उसे विश्व पैरा तैराकी चैंपियनशिप की मेजबानी गंवानी पड़ी और यह आयोजन लंदन चला गया। इन सब घटनाओं से सबक लेते हुए भारत सरकार इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती और पाकिस्तान को वीजा देने के पक्ष में झुकी हुई है ताकि भविष्य में उसकी मेजबानी की दावेदारी सुरक्षित रह सके।

## गावस्कर का 54 साल पुराना रिकार्ड तोड़ सकते हैं शुभमन गिल



**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में अब तक 585 रन बना लिए हैं। ऐसे में उनके पास इस सीरीज में पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साल 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में बनाये 774 रनों का रिकॉर्ड तोड़ने का अच्छा अवसर है। गावस्कर ने साल 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में 774 रन बनाये थे और उनका ये रिकॉर्ड आज तक बना हुआ है। ऐसे में अब शुभमन के पास गावस्कर का 54 साल पुराना ये रिकॉर्ड तोड़ने का इस सीरीज में अच्छा मौका है। शुभमन ने इस दौरे में अब तक पहले दो टेस्ट मैचों में ही 585 रन बना लिए हैं। ऐसे में वह इस सीरीज में गावस्कर का से रिकार्ड तोड़ने के काफी करीब हैं। शुभमन इस सीरीज में अब तक कप्तान के तौर पर भी पहले दो टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, उन्होंने कोहली के 449 रनों को पछाड़ा। शुभमन दूसरे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दो बार टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाए हैं, उनसे पहले साल 1980 में एलेन बॉर्डर ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में नाबाद 150 और 153 रन बनाये थे। गिल उन 9 बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक लगाया है। भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो इससे पहले ये रिकार्ड गावस्कर के नाम था। गावस्कर ने 1978 में ईडन गार्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ 107 और नाबाद 182, जबकि विराट कोहली ने 2014 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 115 और 141 रन बनाए थे। रनों की बात करें तो गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में ही छह मैचों में 732 रन बनाए थे जिसे भी कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। वहीं तीसरे नंबर पर युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं। यशस्वी ने साल 2023-24 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच मैचों में 712 रन बनाए थे।

## खेल नीति में बदलाव से भारतीय फुटबॉल को मिलेंगी नई प्रतिभाएं - एआईएफएफ प्रमुख



**कोलकाता ( एजेंसी )।** भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने विदेशों मे रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों को देश की ओर से खेलने की अनुमति दिये जाने को एक सही कदम बताया है। चौबे ने कहा कि इससे भारतीय फुटबॉल टीम को लाभ होगा और उसे अच्छी प्रतिभाएं मिलेंगी। उन्होंने इसकी राह में आने वाली बाधाओं को भी दूर किये जाने की जरुरत बतायी है। गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय खेल नीति को एक जुलाई को कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी थी। इसके अब विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों के पास देश से खेलने का अवसर हैं। वहीं अब तक केवल भारतीय पासपोर्ट रखने वाले खिलाड़ी ही देश का प्रतिनिधित्व कर सकते थे। चौबे ने कहा, ''जब राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन की बात आती है तो खेल नीति में प्रवासी प्रतिभाओं तक अब हमारी पहुंच बनेगी। मुझे खुशी है कि नीति में इसका संदर्भ शामिल है।'' उन्होंने कहा, ''यह सकारात्मक बयान है। एआईएफएफ फीफा और सरकार के साथ मिलकर राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेगा।'' उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को टीम से जोड़ने की मांग उठी है। साथ ही कहा कि मलेशिया, हांगकांग, सहित कई देशों ने अपनी टीमों में दोहरी नागरिकता वाले खिलाड़ियों को शामिल किया है। '' वहीं साल 2008 में प्रवासियों को देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया गया था जिससे देश का मिलने वाली कई प्रतिभाएं उससे जुड़ नहीं पायीं। खेलो भारत नीति में कहा गया है कि खेल भारतीय प्रवासियों और देश के बीच संबंध बेहतर बनाने का जरिया बन सकता है।

## मुझे जिम्मेदारी और चुनौती स्वीकार करना अच्छा लगता - सिराज



**बर्मिंघम ( एजेंसी )।** हैदराबाद एक्सप्रेस के नाम से मशहूर मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में अपने करियर की एक और यादगार पारी खेली। उन्होंने तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी में 70 रन देकर 6 विकेट झटके और टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सिराज ने इस कामयाबी को 'अविश्वसनीय' बताया और कहा कि वह लंबे समय से ऐसे प्रदर्शन का इंतजार कर रहे थे। इस टेस्ट में सिराज भारतीय पेस अटैक के लीडर हैं क्योंकि जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। उनके साथ आकाशदीप और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे अपेक्षाकृत नए तेज गेंदबाज खेल रहे हैं।

सिराज ने कहा कि जब आपको आक्रमण का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी जाती है, तो मेरा लक्ष्य सिर्फ सही दिशा में अनुशासन के साथ गेंदबाजी करना होता है। विकेट बहुत धीमी थी, इसलिए मेरी योजना रन रोकने और दबाव बनाने की थी। सिराज ने मैच के तीसरे दिन शुरुआत में ही इंग्लैंड की आधी टीम को 84 रन पर पवेलियन लौटा दिया। हालांकि, इसके बाद जेमी स्मिथ (नाबाद 184) और हैरी ब्रूक (158) ने 303 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड की वापसी कराई। फिर भी, सिराज ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट कर भारत को 587 के जवाब में इंग्लैंड को 407 पर समेटने में अहम भूमिका निभाई।

सिराज ने अपने अनुभव और धैर्य पर भी बात की। उन्होंने कहा मुझे जिम्मेदारी पसंद है और चुनौती स्वीकार करना अच्छा लगता है। टीम में मेरे साथी गेंदबाजों के पास बहुत ज्यादा अनुभव नहीं है। यह आकाशदीप का तीसरा या चौथा मैच है और प्रसिद्ध कृष्णा के लिए भी ऐसा ही है, इसलिए मुझे गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रखनी थी और बल्लेबाजों पर दबाव डालना था। पिछली बार सिराज ने 6 विकेट जनवरी 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में लिए थे। इसके बाद 548 दिन बाद उन्हें एक पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट मिले। सिराज ने माना कि पिछले कुछ समय में वह अच्छी गेंदबाजी तो कर रहे थे लेकिन विकेट नहीं मिल रहे थे। इस बार वह 'फ्रेश' रहने के लिए रूम में भी अलग से समय निकालकर ध्यान केन्द्रित कर पाए। टीम इंडिया के लिए यह जीत की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज ने जिस तरह गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी उठाई, उसे देखकर साफ है कि 'हैदराबाद एक्सप्रेस' सही समय पर पटरी पर लौट आई है।

# सिरमौर थाने का ग्रामीणों ने किया घेराव, पुलिस पर जताया आक्रोश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला रीवा के सिरमौर थाना क्षेत्र में जबलपुर पुलिस द्वारा चोरी के एक मामले में पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को बुलाए जाने के बाद ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर विरोध जताया। इस मामले में स्थानीय निवासी विष्णुकांत कुशवाहा ने आरोप लगाया कि जबलपुर पुलिस ने सिरमौर निवासी मनीष कुशवाहा को चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था, जिसने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने चोरी का कुछ सामान विष्णुकांत को बेचा था। विष्णुकांत ने इसे पुरानी रंजिश के तहत झूठा आरोप बताते हुए कहा कि उनके पास अपनी निर्दोषता साबित करने के लिए पूरे साक्ष्य मौजूद हैं।

मौके पर पहुंचे एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति ने ग्रामीणों को समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। विष्णुकांत, जो बिरसा मुंडा विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, ने दावा किया कि सिरमौर पुलिस ने मनीष के बयान को आधार बनाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की और एक पुलिस आरक्षक द्वारा उनसे पैसे की मांग भी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस गरीबों और शरीफ लोगों को परेशान करती है, जबकि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई बरतती है। विष्णुकांत ने बताया कि उन्होंने अपनी सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर लोकेशन जैसे साक्ष्य जबलपुर पुलिस को भेजे, लेकिन उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने पुलिस पर निष्पक्ष जांच न करने का भी आरोप लगाया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि विष्णुकांत द्वारा दिए गए आवेदन को जांच के लिए संबंधित थाने को भेजा जाएगा। यदि सिरमौर थाने के खिलाफ कोई शिकायत होगी, तो उसकी भी जांच की जाएगी। उन्होंने विष्णुकांत को सलाह दी कि वे अपने साक्ष्य लेकर जबलपुर पुलिस के सामने प्रस्तुत करें, ताकि जांच में उनका नाम स्पष्ट हो सके।

इस मामले में पुलिस ने कहा कि यदि विष्णुकांत को लगता है कि जांच निष्पक्ष नहीं हो रही, तो वे वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर सकते हैं। यह मामला गोशलपुर थाना, जबलपुर से संबंधित है, और जांच का विषय है।

## अमरपाटन बाईपास पर ट्रकों की टक्कर में दो की गई जान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास पर सोमवार तड़के दो ट्रकों की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक तेज गति से जा घुसा। इस हादसे में ट्रक के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहम्मद अरमान ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक स्टेयरिंग में फंस गया था। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को झपकी लगना माना जा रहा है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस ट्रक के नंबर के आधार पर उनकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। मृतकों के जौनपुर जिले के निवासी होने की संभावना जताई जा रही है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और रात के समय वाहन चालन पर सवाल खड़े करता है

## सीधी में भालू के हमले में 3 ग्रामीणों की मौत, 4 घायल



### गुस्साए लोगों ने भालू का किया बुरा हाल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सीधी जिले में संजय टाइगर रिजर्व से सटे ग्राम पंचायत बस्तुआ की दलित बस्ती में सोमवार सुबह एक भालू के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने भालू को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला।

घटना सुबह करीब 5 बजे की है, जब भालू ने 80 वर्षीय बब्बू यादव पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर दीनबंधु साहू (70), मनीष साहू (27) और संतोष यादव (43) बचाने दौड़े, लेकिन भालू ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में बब्बू और दीनबंधु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संतोष यादव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। मनीष साहू, तेजबली सिंह और दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। हमले में एक भैंस भी घायल हुई है।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने भालू को घेरकर लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। यह घटना जंगल से सटे इलाकों में वन्यजीवों और मानवों के बीच बढ़ते संघर्ष को उजागर करती है।

**रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह ने पुलिसकर्मियों के रील बनाने पर दिखाई सख्ती**

# संभाग के सभी जिलों के पुलिसकर्मियों को रील नहीं बनाने की दी हिदायत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह ने पुलिसकर्मियों के रील बनाने पर सख्ती दिखाई है। उन्होंने संभाग के 6 जिलों रीवा, सीधी, सतना, मैहर, सिंगरौली और मऊगंज में पदस्थ पुलिसकर्मियों को ऐसा नहीं करने की हिदायत दी है।

दरअसल, हाल ही में कई पुलिसकर्मियों ने रील बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड किया। जिस पर लोगों ने कई तरह के कमेंट्स किए हैं। जिसकी वजह से पुलिस विभाग की किरकिरी हुई है।

जिसके बाद सोमवार को डीआईजी ने अपने अधीनस्थ सभी पुलिसकर्मियों को रील नहीं बनाने को कहा है। साथ ही विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसी पोस्ट सोशल मीडिया पर नहीं प्रेषित करने को कहा है, जिससे पुलिस विभाग की गरिमा को क्षति पहुंचे।

**आदेश में लिखा- छवि पर पड़ता है प्रतिकूल प्रभाव:** डीआईजी ने अपने आदेश में लिखा कि प्रायः देखा जा रहा है कि बहुत से पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल/अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया जाना अनुशासन के सर्वथा विपरीत होकर उसकी पद और गरिमा के भी प्रतिकूल है। इससे आज जनता के मध्य पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए अथवा कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजें। जिसके लिए वह अधिकारी या कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होगा।

**आदेश का सख्ती से पालन कराने के दिए निर्देश:** डीआईजी ने अपने आदेश में कहा- सभी पुलिस अधीक्षक सख्त निर्देश का पालन सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को देकर इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों को निर्देशित करें कि वे यह निर्देश सभी कर्मचारियों को 3 दिवस तक रोल काल में पढ़कर सुनाएं और इस आशय की रिपोर्ट रोजनामचा सान्हा में भी दर्ज करें और पुलिसकर्मियों को दें। कृपया निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। डीआईजी के इस आदेश को देखने के बाद हर कोई कह रहा है कि रील बाज पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर अब पुलिस प्रशासन सख्त है।

### तीन मामले जब पुलिसकर्मियों की रील सामने आईं



1. शनिवार को सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा की अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के रोमांटिक गाने पर थाने के अंदर बनाई रील सामने आई थी। यह सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई। लोगों ने थाना प्रभारी को सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक लिखा कि आपको पुलिस विभाग नहीं, बल्कि मुंबई में होना चाहिए।



2. 16 अप्रैल 2025 को सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक संध्या वर्मा के वीडियो जमकर वायरल हुए थे। जहां प्रधान आरक्षक ने ड्यूटी टाइम में कई फिल्मी और रोमांटिक गानों पर वर्दी में रील बनाई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। जिसके बाद सभी वीडियो बैक टू बैक जमकर वायरल हो गए और पुलिस विभाग की जमकर किरकरी हो गई। इस पर इन्हें एसपी विवेक सिंह ने नोटिस जारी किया था।



3. 25 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के दौरान अखिलेश यादव के पक्ष में प्रचार गीत गाना रीवा जिले के एक पुलिस आरक्षक को महंगा पड़ गया था। जिले के सोहागी थाना अंतर्गत त्योंथर चौकी में पदस्थ आरक्षक मुन्ना यादव ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन किया था। आरक्षक ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के पक्ष में प्रचार गीत गाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया गया था। जिसकी रील जमकर वायरल हुई थी जिसमें उसने कहा था कि 400 का नारा धरा रह जाएगा। देखते ही देखते यह वीडियो और रील सोशल मीडिया में वायरल हो था। जिसके बाद मामले पर संज्ञान लेते हुए रीवा एसपी विवेक सिंह ने आरक्षक को लाइन हाजिर कर दिया था।

## बारिश के चलते मऊगंज थाना परिसर में भरा पानी, जब्त वाहन डूबे



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**मऊगंज में लगातार बारिश के कारण पुलिस थाना परिसर जलमग्न हो गया है। शनिवार शाम की बारिश के बाद थाना परिसर में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे वहां रखे सैकड़ों जब्त वाहन आधे डूब गए।

थाना प्रभारी राजेश पटेल ने रविवार दोपहर 3 बजे नगर परिषद के सीएमओ महेश पटेल को स्थिति से अवगत कराया। सीएमओ ने मौके का जायजा लिया और कर्मचारियों को तुरंत पानी निकासी के निर्देश दिए। जलभराव की समस्या के पीछे कई कारण सामने आए हैं। नगर परिषद ने भले ही नालियों का निर्माण किया, लेकिन उनकी नियमित सफाई न होने से वे जाम हो गई हैं। इसके अलावा, सड़क निर्माण के लिए खुदाई कर रही सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारण कई नालियां टूट गई हैं, जिससे पानी की निकासी बाधित हुई। परिणामस्वरूप, थाना परिसर और आसपास का क्षेत्र जलमग्न हो गया।

## रीवा के शिव मंदिर में चोरी, अज्ञात चोरों ने तोड़ा ताला



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोर्ट रोड पर स्थित शिव मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर शिवलिंग की जलहरी में लगे पीतल के हिस्से को उखाड़ने का प्रयास किया और इसका कुछ हिस्सा चुरा लिया।

घटना का पता तब चला जब सुबह श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर का ताला टूटा हुआ मिला और शिवलिंग की जलहरी का पीतल आधा टूटा हुआ था, जिसमें से कुछ हिस्सा गायब था। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने मंदिर में लगे घंटे को भी चुराने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके।मंदिर कोऑपरेटिव बैंक के सामने स्थित है, और स्थानीय लोगों के अनुसार, वारदात रात करीब 2 बजे की गई। सुबह मंदिर खुलने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था और जलहरी को नुकसान पहुंचाया गया था।

पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों, विशेष रूप से सामने स्थित बैंक के कैमरों, की मदद से चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। यह घटना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रीवा में नहीं थम रही नशीली सिरप की बिक्री



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले में नशीली सिरप कोरेक्स की अवैध बिक्री लगातार जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और ज्यादा गंभीर हैं। ताजा मामला बेला बैजनाथ से सामने आया है, जहां खुलेआम कोरेक्स की बिक्री हो रही है। इससे पहले रायपुर कर्चुलियान थाना के पहाड़िया गांव से भी ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ था। उसमें एक युवक कोरेक्स बेचता नजर आया था। लगातार सामने आ रहे वीडियो से पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आईजी गौरव राजपूत ने सभी थाना प्रभारियों को साफ निर्देश दिए थे कि मेडिकल नशे की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए। बावजूद इसके कोरेक्स की धड़ल्ले से बिक्री प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी विवेक सिंह ने थाना प्रभारी को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## अज्ञात गर्भवती महिला के परिजनों को खोजने में वन स्टॉप सेंटर को मिली सफलता



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिला के थाना मनगवा अंतर्गत 2 जुलाई 2025 को एक अज्ञात गर्भवती महिला, जिसकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी, को आश्रय और अभिरक्षा के लिए वन स्टॉप सेंटर लाया गया था। यह महिला बोलने और सुनने में असमर्थ थी तथा अपनी गर्भावस्था के नौवें महीने में थी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, नयन सिंह के निर्देश पर प्रशासक सुमन नामदेव ने महिला के समुचित इलाज और परिजनों की खोज के लिए त्वरित कदम उठाए।

सहायक संचालक आशीष द्विवेदी ने साइन लैंग्वेज विशेषज्ञ को वन स्टॉप सेंटर भेजा, किंतु प्रारंभिक प्रयासों में सफलता नहीं मिली। इसके बाद, 5 जुलाई 2025 को वन स्टॉप सेंटर की मदद से महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने एक बालक को जन्म दिया।

वन स्टॉप सेंटर ने महिला के इलाज के साथ-साथ उसके परिजनों की खोज जारी रखी। निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप 7 जुलाई 2025 को महिला के परिजनों का पता लगा लिया गया। महिला मूल रूप से सिरमौर तहसील की निवासी थी और भटककर मनगवा के बाजार क्षेत्र में पहुंच गई थी।

महिला के परिजनों (सास और देवरानी) ने वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों क्षितिज तिवारी, रेखा चतुर्वेदी और सलमा खान के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने खोए हुए परिवारजन को पाकर परिजन अत्यंत खुश थे। इस कार्य में वन स्टॉप सेंटर की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## जंगल में नाबालिग चचेरे भाई-बहन का शव पेड़ पर लटका मिला




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के कुठिला पहाड़ गांव में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव से तीन किलोमीटर दूर जंगल में 13 से 15 वर्ष की आयु के चचेरे भाई-बहन के शव एक ही पेड़ पर दुपट्टे के फंदे से लटके मिले। दोनों बच्चे शनिवार शाम 4 बजे से लापता थे, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर उनकी तलाश की थी।

रविवार सुबह शव मिलने की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। परिजन मौके पर पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बरौंधा थाना प्रभारी अभिनव सिंह ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। शवों को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है, लेकिन थाना प्रभारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। पुलिस बच्चों के मोबाइल कॉल डिटेल और पारिवारिक पृष्ठभूमि की भी जांच कर रही है। घटना से गांव में शोक की लहर है और परिजन सदमे में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों बच्चे आपस में चचेरे भाई-बहन थे। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

## फायरिंग की घटना में दो और गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना पुलिस ने महादेवा इलाके में हुई फायरिंग की घटना में सोमवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फायरिंग में शामिल अंशुमान सिंह उर्फ अंशू कछवाह और आरोपियों को छिपाने वाले धीरू उर्फ धीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस इस मामले के मुख्य आरोपी दीपू उर्मलिया समेत अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

घटना 1 जुलाई की शाम करीब 5 बजे की है। कैलाश पयासी की किराना दुकान के सामने दीपू उर्मलिया, शुभम पंडित समेत अन्य आरोपियों ने विवेक प्रताप सिंह, प्रशांत चौधरी और नीरज तिवारी पर फायरिंग की। इसके बाद उन्होंने रॉड और डंडों से उनकी पिटाई भी की।

घटना के अगले दिन पुलिस ने मैहर के पटेहरा निवासी जतिन तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को मुखबिर और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने अंशुमान सिंह (24) को बंजरहा तालाब के पास से पकड़ा। साथ ही रीवा जिले के कुम्हरा गांव निवासी धीरेंद्र सिंह (28) को भी गिरफ्तार किया गया।

## मैहर में आईटीआई छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### एक महीने पहले प्रेमिका की हुई थी मौत, ट्रेन से कटकर दे दी थी जान

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**मैहर में एक 25 वर्षीय आईटीआई छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान उदयपुर निवासी शिवम कोरी के रूप में हुई है। एक महीने पहले छात्र की प्रेमिका ने भी आत्महत्या कर ली थी।

घटना रविवार की रात की है। शिवम परिवार के साथ रात का खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। सोमवार दोपहर 1 बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों ने अंदर झांककर देखा। शिवम का शव पंखे से लटका हुआ मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सहायक उप-निरीक्षक अरविंद द्विवेदी के अनुसार, शिवम पिछले कुछ समय से डिप्रेशन में था। एक महीने पहले उसकी प्रेमिका ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद से वह गुमसुम रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक, शिवम पढ़ाई में होनहार था। उसने हाल ही में 12वीं पास करके मैहर के आईटीआई में प्रवेश लिया था।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।